हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार 25 अप्रैल 2026

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | पाटन | सेलूद | अहिवारा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]


तापमान

अधिकतम 42.8 डिग्री

न्यूनतम 22.2 डिग्री


13 रेलवे स्टेशन में भीषण जल संकट..शिवनाथ नदी से ...





15 भगवान चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव पर निकली...









# सीजी से संबद्ध 190 स्कूलों ने अप्रैल में शुरू कर दिया शैक्षणिक सत्र

## 16 जून से स्कूल शुरू करने का है आदेश, सत्र शुरू कर निःशुल्क पुस्तक के बजाय प्राइवेट किताबें खरीदवाई

देवीलाल साहू ▶▶ भिलाई

दुर्ग जिले में सीजी बोर्ड से सबद्धता प्राप्त 190 निजी स्कूलों ने वर्ष 2026-27 का शैक्षणिक सत्र अप्रैल महीने से ही शुरू कर दिया है। यही नहीं इन स्कूलों ने बकायदा पहली से दसवीं तक के विद्यार्थियों को निजी प्रकाशकों की किताबें भी खरीदवा ली। जबकि छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग का स्पष्ट आदेश है कि 16 जून को शैक्षणिक सत्र शुरू की जाए। हैरत की बात यह है कि इन स्कूलों को प्रदेश सरकार द्वारा निःशुल्क किताबें उपलब्ध करवाई जाती है। इस तरह न केवल प्रदेश शासन के आदेश को ठेंगा दिखाया जा रहा है बल्कि मुफ्त पाठ्यपुस्तक योजना से हजारों विद्यार्थियों को वंचित किया जा रहा है। जब निजी प्रकाशकों की किताबों से पढ़ाई करवा लेते है और जब केंद्रीयकृत परीक्षा की बारी आती है तो ऐसे ही स्कूल पांचवीं और आठवीं की केंद्रीयकृत परीक्षा में विद्यार्थियों को परीक्षा में शामिल होने से रोकने के लिए लामबंद होते है।

### केस 1

के.पी.एस सिंधियानगर ने वर्ष 2026 शैक्षणिक सत्र में छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम से निःशुल्क किताबें उठाई और इसका वितरण विद्यार्थियों में देरी से किया गया। इस स्कूल ने अप्रैल में ही शैक्षणिक सत्र शुरू कर दिया। विद्यार्थियों से प्राइवेट किताबें भी खरीदी करवा ली। शिकायत के बाद विभागीय जांच में साक्ष्य सही निकला।



### केस 2

कृष्णा पब्लिक स्कूल कुठेलाभाठा, राधना पब्लिक स्कूल कैम्प 2, एनपीपीएस स्कूल कोहका, वीए पब्लिक स्कूल सुपेला, जनता इग्लिश मिडियम, श्रद्धासुमन पब्लिक स्कूल, आइडियल इन्टरनेशनल पब्लिक स्कूल दुर्ग सहित कई स्कूल हैं। जहां अप्रैल महीने से शैक्षणिक सत्र शुरू करवाने के बाद किताबें भी खरीदी करवा ली गई है।

### केस 3

जेकेएस प्राइमरी स्कूल मरोदा, मोन्टेना वेली इंटरनेशनल स्कूल भिलाई तीन, आईपीएस स्कूल शिवपुरी, आईडियल इंटरनेशल स्कूल दुर्ग केंद्रीयकृत बोर्ड परीक्षा में शामिल नहीं हुए हैं। जेकेएस प्राइमरी स्कूल मरोदा में पाचवीं तक स्कूल संचालित हो रहे हैं। मोन्टेना वेली इंटरनेशल स्कूल में भी पांचवीं तक संचालन किया जा रहा है। आईपीएस शिवपुरी में पांचवीं दोनों की परीक्षाएं नहीं दी गई। आईडल इंटरनेशल स्कूल में आठवीं तक संचालन होता है।

नोट- जिला शिक्षा विभाग व पालकों से प्राप्त जानकारी के अनुसार।

### फीस, किताबें और यूनिफार्म का हो रहा खेला

पालकों के मुताबिक एक अप्रैल से शिक्षण सत्र शुरू करने के पीछे फीस, किताबें और यूनिफार्म का खेला है। एक अप्रैल से स्कूल शुरू करते हैं और इस महीने इतनी भीषण गर्मी पड़ती है कि प्रदेश सरकार हर साल स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी कर देता है। इस तरह केवल 15 से 20 दिन ही स्कूल चलते हैं और फीस अप्रैल, मई और जून महीने का पालकों से वसूल कर लेते हैं। स्कूल शुरू करते ही किताबें और यूनिफार्म भी प्राइवेट खरीदवा लेते हैं। जब सरकारी निःशुल्क किताबें लाते हैं तो उसे कुछ ही विद्यार्थियों को औपचारिक रूप से बांट देते हैं। लेकिन पढ़ाई निजी रूप से पहले से खरीदवाई किताबों से आगे भी चलता है।

### मुख्य सचिव का फरमान- एससीईआरटी की पुस्तकों से हो पढ़ाई

छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव विकासशील ने कलेक्टरों को आदेश जारी किया है। आदेश के हिसाब से निजी विद्यालय जहां सीजी बोर्ड से संबद्धता प्राप्त कर अध्यापन कराया जाता है, वहां पहली से 10वीं तक पाठ्यपुस्तकें एस.सी.ई. आर. टी. की छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम से प्रकाशित पुस्तकें विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रदाय किया जाता है। इसलिए इन विद्यालयों में विद्यार्थियों/पालकों को किसी अन्य प्रकाशकों की पुस्तके क्रय करने हेतु बाध्य नहीं किया जाए। सी.बी.एस.ई. से संबद्धता प्राप्त विद्यालयों में एन.सी.ई.आर.टी. द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम का अध्यापन कराया जाता है। पालकों से प्रायः यह शिकायत होती है कि अशासकीय विद्यालयों द्वारा उन्हें दुकान विशेष से निजी प्रकाशकों की पुस्तके खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है। इस पर कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### ये नियम का पालन अनिवार्य

कक्षा पहली से आठवीं तक निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू है यह सभी विद्यार्थियों को शिक्षा सुलभ कराने की दृष्टि से लागू किया गया है। इसलिए कक्षा पहली से आठवीं तक के विद्यार्थियों हेतु एन. सी. ई. आर. टी द्वारा प्रकाशित पुस्तके लागू करवाई जाएं ताकि पालकों पर निजी पुस्तकों का अतिरिक्त वित्तीय बोझ न पड़े। कक्षा नवमी से 12 वीं के विद्यार्थियों हेतु किसी दुकान विशेष से निजी प्रकाशकों की पुस्तकें खरीदने हेतु बाध्य नहीं किया जाना सुनिश्चित करें। गणवेश एवं स्टेशनरी किसी दुकान विशेष से खरीदने पालकों को बाध्य न किया जाए।

### संबद्धता का भी खेल

जिले के निजी स्कूलों ने सीजी बोर्ड से संबद्धता ली है लेकिन पालकों को ठगा जा रहा है। किताबें एससीईआरटी की नहीं चलाकर निजी प्रकाशकों की किताबों से पढ़ाई करवा रहे। जबकि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा मंडल से संबद्ता प्राप्त विद्यालयों को एनसीईआरटी पुस्तकों से अध्यापन करवाना नियम में हैं।

### 16 जून से ही शैक्षणिक सत्र

राज्य शासन के आदेश सरकारी और सीजी बोर्ड संबद्धता प्राप्त निजी स्कूलों के लिए लागू होते हैं। 16 जून से ही नया शैक्षणिक सत्र की शुरूआत करना है। हमने समिति गठित की है जिसमें कोई भी शिकायत कर सकता है। इस आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी।
**-अरविंद कुमार मिश्रा,** जिला शिक्षा अधिकारी दुर्ग

# खुर्सीपार रेलवे फाटक 2 मई तक के लिए बंद



**भिलाई।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के अंतर्गत भिलाई–भिलाई नगर के बीच स्थित खुर्सीपार रेलवे फाटक पर मरम्मत कार्य के चलते सड़क वाहनों का आवागमन अब 2 मई 2026 तक बंद रहेगा।

रेलवे द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, समपार फाटक क्रमांक किमी 855/7-9 पर अप लाइन में आवश्यक मरम्मत कार्य किया जा रहा है। इसके लिए पहले 18 अप्रैल 2026 की शाम 8 बजे से 27 अप्रैल 2026 की सुबह 8 बजे तक यातायात बंद किया गया था। अब अतिरिक्त मशीनी कार्य के कारण इस अवधि को बढ़ाते हुए 2 मई 2026 की रात 8 बजे तक सड़क यातायात पूरी तरह बंद रखने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान आम नागरिकों और वाहन चालकों से वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करने की अपील की गई है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके।

# फर्जी कंपनी बनाकर नशे का कारोबार, 4 गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे का बड़ा कारोबार करने वाले चार युवकों पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना का खुलासा करते हुए एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चौकी स्मृति नगर और एसीसीयू की टीम ने दबिश देकर आपरोपियों से 800 बोतल नशीली सिरप, एक कार, एक्टिवा, मोबाइल फोन समेत नकदी रकम जब्त किया है। 23 अप्रैल पुलिस टीम जुनवानी-खम्हरिया रोड पर युवकों द्वारा प्रतिबंधित सिरप बेचने के लिए कार में लेकर जा रहे थे। घेराबंदी कर सीजी-07/8595 रोका गया। कार की तलाशी लेने पर उसमें 7 कार्टून में पैक 800 बोतल कोडीन युक्त नशीली सिरप बरामद हुई। पूछताछ में पता चला कि यह एक सामान्य आपूर्ति नहीं, बल्कि संगठित तस्करी का नेटवर्क था। मामले में पुलिस ने कादम्बरी नगर, दुर्ग निवासी योगेश शर्मा, पदमनाभपुर उमेश कुमार यादव, पोलसाय पारा महावीर जैन उर्फ रोहित,शंकर नगर दुर्ग सतीश मेश्रामको पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला कि आरोपी योगेश शर्मा और उमेश कुमार यादव ने असली ड्रग लाइसेंस में हेरफेर कर फर्जी लाइसेंस बनाया था। फर्जी दस्तावेज, नकली लेटरपैड, सील का उपयोग करके गुजरात स्थित कंपनियों से प्रतिबंधित सिरप का ऑर्डर देते थे। सिरप की आपूर्ति ई-कूरियर कंपनियों के माध्यम से की जाती थी।किसी को शक न हो इसलिए ऐसा किया था। आरोपी खुद को दवा कंपनी का प्रतिनिधि बताकर अवैध नेटवर्क को चला रहे थे। इस दौरान सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी भी मौजूद थे।



### लाखों रुपए की नशे की दवा जब्त

पुलिस जांच में यह भी पता चला कि आरोपी इस कोडीन सिरप को स्थानीय युवाओं और अन्य तस्करों को ऊंचे दामों पर बेचते थे। यह सिरप नशे के रूप में इस्तेमाल की जा रही थी। एसएसपी विजय अग्रवाल के मुताबिक यह केवल एक अवैध कारोबार नहीं, बल्कि युवाओं को नशे का आदी बनाने की साजिश थी। पुलिस के मुताबिक महावीर जैन उर्फ रोहित और सतीश मेश्राम नेटवर्क में सप्लाई और बेचने का चैनल संभालते थे। कार्रवाई में पुलिस ने जब्त किया 800 नग नशीली दवा कीमत 2.08 लाख ,एक एक्टिवा, सेंट्रो कार, 4 मोबाइल फोन, बिक्री नकदी 1200 रुपये। कुल सामानों की की कीमत 5 लाख रुपये आंकी गई है। एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि पुलिस नशे के खिलाफ अभियान में किसी भी नेटवर्क को नहीं छोड़ेगी। फर्जी दस्तावेजों और कुरियर सिस्टम का दुरुपयोग कर नशे का कारोबार करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।


# मॉक ड्रिल : हवाई हमले की आशंका को लेकर वालेंटियर्स ने संभाली कमान



**दुर्ग।** जिले में आपदा प्रबंधन की तैयारियों के उद्देश्य से हवाई हमले की स्थिति से निपटने के लिए नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों, एनसीसी एवं होमगॉर्ड जवानों को सिविल डिफेंस, एयर रेडियो, ब्लैकआउट एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन शुक्रवार को डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट दुर्ग कैंपस केन्द्रीय विद्यालय के पास (केन्द्रीय जेल) में किया गया।

हवाई हमलों जैसी आपात स्थितियों में नागरिक सुरक्षा और राहत कार्यों की रणनीतिक तैयारी को परखना था, जिसमें जवानों को अंधेरे में प्रभावी संचार व्यवस्था बनाए रखने, एयर रेड सायरन बजने पर त्वरित प्रतिक्रिया देने, सुरक्षित आश्रय स्थलों का प्रबंधन करने और आपातकालीन स्थिति में त्वरित प्राथमिक उपचार प्रदान करने का विस्तृत व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान विशेषज्ञों ने ब्लैकआउट की प्रक्रिया को विस्तार से समझाते हुए बताया कि किस प्रकार न्यूनतम रोशनी में भी अनुशासन और सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ रखा जा सकता है।

मॉक ड्रिल के दौरान सायरन बजाकर आपात स्थिति का संकेत दिया गया, जिसके बाद राहत एवं बचाव कार्य शुरू किए गए। एसडीआरएफ के जवानों ने प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर घायलों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने, प्राथमिक उपचार देने तथा सुरक्षित निकासी की तकनीकों का प्रदर्शन किया। इस दौरान वालेंटियर्स ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने, भीड़ नियंत्रण करने और आपातकालीन निर्देशों का पालन कराने में सहयोग किया। इस दौरान सांसद विजय बघेल, कलेक्टर अभिजीत सिंह, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी आदि मौजूद थे।




# आपकी जन मित्र सतर्क रहें, सुरक्षित रहें!

## आपात स्थिति में सहायता: पुलिस हेल्पलाइन व सुरक्षा निर्देश



## जनजागरूकता अभियान तेज पुलिस 'जनमित्र' पहल की सराहना


**जागरूकता के लिए पोस्टर और वाल पेंट बनाये जा रहे**

**श्री रिकेश सेन**
विधायक
वैशाली नगर विधानसभा

विधायक रिकेश सेन ने कहा कि लोगों में जागरूकता लाने के लिए वैशाली नगर विधानसभा में 5-5 हजार पोस्टर, वालपेंट भी कराया जा रहा है। दुर्ग पुलिस का जनमित्र अभियान काफी सराहनीय है। अब लोगों को नशा, साइबर समेत अन्य समस्या से जूझना नहीं पड़ेगा। वैशालीनगर विधानसभा में ठगी आदि से बचने के लिए 1933 का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके अलावा पुलिस अपने स्तर पर कार्य कर रही है लेकिन मेरे विधानसभा में भी इसे लेकर बेहतर कार्य किया जा रहा है। इसे लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। पुलिस जन मित्र योजना से जुड़कर कानून व्यवस्था बनाए रखने में कारगर साबित होगा।

राजू नामदेव 8770437381 9300663790
शंशाक नामदेव 7647931310
श्री नामदेव बोरवेल्स & पंप
घर, खेत, प्लाट, फैक्ट्री में 5,6,7, एवं 8 इंच बोर खनन का कार्य किया जाता है।
पानी जाँच की विशेष सुविधा उपलब्ध है

सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
- 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
- टोटल हाल मार्क जेवर
- स्पेशल पर्स, बैग फ्री
- रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग




## CYBER प्रहरी
जागरूकता ही सुरक्षा



## CYBER FRAUDS

हेल्पलाइन नंबर 1930

**Digital Arrest:** ठग पुलिस बनकर डिजिटल गिरफ्तारी का झूठा डर दिखाते हैं।
**Share Trading:** फर्जी निवेश प्लेटफॉर्म से लोगों को लालच देकर पैसा ठगा जाता है।
**Photo Morphing:** फोटो एडिट कर लोगों को ब्लैकमेल कर पैसे वसूले जाते हैं।
**Mule Account:** दूसरों के बैंक खाते अवैध लेनदेन और ठगी में इस्तेमाल होते हैं।
**1930:** साइबर फ्रॉड होने पर तुरंत 1930 नंबर पर शिकायत दर्ज करें।

## Do's (क्या करें)

- अपना मोबाइल नंबर बैंक में रजिस्टर रखें और बैंकिंग अलर्ट सक्रिय रखें।
- एटीएम/ऑनलाइन ट्रांजेक्शन करते समय सावधानी रखें और OTP सुरक्षित रखें।
- समय-समय पर खाता, पासबुक और ट्रांजेक्शन नियमित रूप से चेक करते रहें।
- सभी कार्ड/अकाउंट के पासवर्ड अलग, मजबूत और नियमित रूप से बदलते रहें।
- किसी भी समस्या या संदेह होने पर तुरंत बैंक को सूचित करें।
- एटीएम कार्ड खोने पर तुरंत ब्लॉक करवाएं और ट्रांजेक्शन स्वयं करें।

## Don'ts (क्या न करें)

- एटीएम कार्ड नंबर, पिन, OTP या बैंक जानकारी किसी से साझा न करें।
- पासवर्ड या पिन को कहीं लिखकर या मोबाइल में सेव करके न रखें।
- अनजान कॉल/मैसेज पर बैंक जानकारी साझा न करें, चाहे अधिकारी बताएं।
- अनजान लिंक, मैसेज या ऐप को ओपन न करें, ठगी का खतरा रहता है।
- एटीएम या ऑनलाइन पेमेंट के समय दूसरों के सामने पासवर्ड दर्ज न करें।
- एटीएम बूथ में किसी अनजान व्यक्ति से सहायता न लें या दें।

## नागरिक जागरूकता मार्गदर्शिका

### यातायात

हेल्पलाइन नंबर 1033



**Helmet / Seatbelt:** हेलमेट और सीटबेल्ट जान बचाते हैं, हमेशा सही तरीके से पहनें।

**Drink n Drive:** शराब पीकर वाहन चलाना खतरनाक और दंडनीय अपराध होता है।

**Speed Control:** तेज गति से वाहन चलाना जानलेवा हो सकता है

**No Parking Driving:** गलत जगह पार्किंग या वाहन चलाना ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन है।

**Mobile Driving:** ड्राइविंग के समय मोबाइल इस्तेमाल दुर्घटनाओं का बड़ा कारण बनता है।

**Responsible Road Behavior:** सड़क पर स्टंट या लापरवाही न करें

**Age Restrictions:** नाबालिगों को वाहन न चलाने दें

**Smart Surveillance:** ITMS कैमरा सिस्टम प्रणाली न केवल यातायात प्रबंधन, संदिग्ध वाहनों की पहचान और अपराध नियंत्रण में सहायक है, बल्कि नियमों का उल्लंघन करने पर स्वचालित रूप से चालान (E-Challan) भी जनरेट करती है।

## दुर्ग पुलिस निर्देशिका

| दुर्ग पुलिस | ईमेल | मोबाइल नं. |
|---|---|---|
| एसपी | spdurg.cg@gov.in | 9479192002 |
| एएसपी ग्रामीण | asprural-durg.cg@gov.in | 9479192004 |
| एएसपी सिटी | aspcity-durg.cg@gov.in | 9479192003 |
| कंट्रोल रूम दुर्ग | policecontrolr-durg@cg.gov.in | 9479192099 |
| सीएसपी दुर्ग | csp-durg.cg@gov.in | 9479192006 |
| डीएसपी एजेके दुर्ग | dsp-ajkdurg.cg@gov.in | 9479192016 |
| सीएसपी भिलाई नगर | csp-bhilainagar.cg@gov.in | 9479192008 |
| सीएसपी छावनी | csp-chhawani.cg@gov.in | 9479192007 |
| एसडीओपी पाटन | sdop-patan.cg@gov.in | 9479192011 |
| सीसीटीएनएस ऑफिस भिलाई | cctns-durg.cg@gov.in | 9302236483 |
| कोतवाली दुर्ग | sho-durg.cg@gov.in | 9479192019 |
| मोहन नगर | sho-mohannagar.cg@gov.in | 9479192020 |
| महिला थाना | sho-mahiladurg.cg@gov.in | 9479192031 |
| धमधा | sho-dhamdha.cg@gov.in | 9479192042 |
| पुलगांव | sho-pulgaon.cg@gov.in | 9479192021 |
| अंडा | sho-anda.cg@gov.in | 9479192051 |
| बोरी | sho-bori.cg@gov.in | 9479192049 |
| नंदिनी | sho-nandini.cg@gov.in | 9479192040 |
| भिलाई नगर | sho-bhilainagar.cg@gov.in | 9479192022 |
| नेवई | sho-newai.cg@gov.in | 9479192024 |
| सुपेला | sho-supela.cg@gov.in | 9479192027 |
| छावनी | sho-chawani.cg@gov.in | 9479192050 |
| जामुल | sho-jamul.cg@gov.in | 9479192026 |
| खुर्सीपार | sho-khursipar.cg@gov.in | 9479192028 |
| पुरानी भिलाई | sho-puranibhilai.cg@gov.in | 9479192025 |
| कुम्हारी | sho-kumhari.cg@gov.in | 9479192048 |
| अमलेश्वर | sho-amleshwar.cg@gov.in | 9479191261 |
| उतई | sho-utai.cg@gov.in | 9479192044 |
| पाटन | sho-patan.cg@gov.in | 9479192043 |
| रानीतराई | sho-ranitarai.cg@gov.in | 9479192052 |
| भिलाई भट्टी | sho-bhilaibhatti.cg@gov.in | 9479192023 |
| एजेके थाना | sho-ajkdurg.cg@gov.in | 9479192030 |
| वैशाली नगर | sho-vaishalinagar@cg.gov.in | 9479192062 |
| जामगांव आर | sho-jamgaonr@cg.gov.in | |
| पद्मनाभपुर | op-padmanabhpur@cg.gov.in | 9479192059 |
| ओपी जेवरा सिरसा | op-jewrasirsa@cg.gov.in | 9479192061 |
| ओपी अंजोरा | op-anjora@cg.gov.in | 9479192060 |
| साइबर थाना दुर्ग रेंज | cyberthana-durgrange@cg.gov.in | 9479192060 |

## जन मित्र योजना से लोगों में बढ़ रहा विश्वास और सहयोग

**श्री विजय अग्रवाल**
एसपी, दुर्ग

एसएसपी विजय अग्रवाल ने बताया कि पुलिस जन मित्र योजना का शुभारंभ किया गया। यह योजना पुलिस एवं आम नागरिकों के बीच संवाद, विश्वास एवं सहयोग को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। दुर्ग पुलिस द्वारा इस योजना के अंतर्गत नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव, डिजिटल सुरक्षा, महिला सुरक्षा, नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता, सूने मकानों की सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के पालन को लेकर जानकारी प्रदान की जा रही है। जन-जागरूकता पोस्टर, मार्गदर्शिका के माध्यम से नागरिकों को हेल्पलाइन नंबर 1930 साइबर फ्रॉड, 1091 महिला सुरक्षा, 1033 नशा नियंत्रण की जानकारी दी जा रही है। यह पहल सामुदायिक पुलिसिंग को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## महिला सुरक्षा: पुलिस विभाग के प्रमुख निर्देश

महिलाओं की सुरक्षा को लेकर पुलिस विभाग समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी करता है, ताकि वे किसी भी अप्रिय स्थिति में खुद को सुरक्षित रख सकें। इन निर्देशों का उद्देश्य महिलाओं को जागरूक, सतर्क और आत्मनिर्भर बनाना है। **हमेशा सतर्क और जागरूक रहें-** आसपास के माहौल पर नजर रखें, सुनसान और असुरक्षित स्थानों से बचें

**यात्रा के दौरान सावधानी बरतें-** भरोसेमंद ऑटो/कैब का ही उपयोग करें, वाहन का नंबर नोट कर अपने परिजनों को भेजें।

हंसा शुक्ला
प्रिसिंपल
स्वामी स्वरुपानंद महाविद्यालय
Amdi Nagar, Hudco, Bhilai, Mob. : 84358-36474, 94062-98002

## यातायात नियमों का पालन: पुलिस प्रशासन की गाइडलाइन

हेलमेट और सीट बेल्ट अनिवार्य,दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर पहनें। चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य है, निर्धारित गति सीमा का पालन करें। ओवरस्पीडिंग दुर्घटनाओं का मुख्य कारण है। सड़क और क्षेत्र के अनुसार स्पीड लिमिट का पालन करें।

पानी
MANUFACTURE BY :
GEEKAY ENTERPRISES
GOPAL KUMAR KHATRI
PROPRIETOR GOPAL KUMAR KHATRI
Anjora Dist. Durg Chhattisgarh-491001
For Trade Enquiry : 9229522640

## नशे में उत्पात से सुरक्षा
### पुलिस हेल्पलाइन 1933 पर करें कॉल

कई बार नशे की हालत में कुछ लोग महिलाओं या आम नागरिकों को परेशान करने लगते हैं–छेड़छाड़, अभद्र व्यवहार या पीछा करने जैसी घटनाएं सामने आती हैं। ऐसी स्थिति में घबराने के बजाय सही कदम उठाना बेहद जरूरी है। पुलिस विभाग की हेल्पलाइन और कुछ महत्वपूर्ण सावधानियां आपकी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती हैं।

**पुलिस हेल्पलाइन नंबर जिन पर तुरंत संपर्क करें-1933**
**तुरंत सुरक्षित स्थान पर जाएं-** अगर कोई नशे में व्यक्ति परेशान कर रहा है, तो भीड़-भाड़ वाली जगह या सुरक्षित स्थान की ओर जाएं, अकेले सुनसान जगह पर रुकने से बचें।

कल्याणी नशा मुक्ति केन्द्र
1/22, न्यू कृष्णा नगर, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग, छत्तीसगढ़-490023
09302912115, 07770908888 Link : www.kalyaniindia.org.in

## महिला सुरक्षा

हेल्पलाइन नंबर 1091

- घर में अकेले हों तो अजनबी को किसी बहाने अंदर प्रवेश न दें।
- ऑटो/टैक्सी/बस से सफर में वाहन नंबर नोट कर परिचित को भेजें।
- थाने या कंट्रोल रूम का नंबर साथ रखें, जरूरत पर संपर्क करें।
- संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखे तो तुरंत 112 नंबर पर सूचना दें।
- महिला हेल्पलाइन 1091 याद रखें और अभिव्यक्ति ऐप डाउनलोड करें।

नशा = नाश की जड़

हेल्पलाइन नंबर 1933

## साइबर प्रहरी : जागरूकता ही सुरक्षा

डिजिटल युग में साइबर फ्रॉड के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऑनलाइन बैंकिंग, यूपीआई और सोशल मीडिया के बढ़ते उपयोग के साथ ठगी के तरीके भी आधुनिक हो गए हैं। पुलिस विभाग नागरिकों को जागरूक रहने और कुछ जरूरी सावधानियां अपनाने की सलाह देता है।

**OTP और बैंक डिटेल कभी शेयर न करें-** कोई भी बैंक या अधिकारी फोन पर OTP, PIN या पासवर्ड नहीं मांगता, ऐसी कॉल/मैसेज को तुरंत नजरअंदाज करें

**अनजान लिंक पर क्लिक न करें-** SMS, WhatsApp या ईमेल में आए , संदिग्ध लिंक से बचें, फर्जी वेबसाइट्स से आपकी जानकारी चोरी हो सकती है

**केवल आधिकारिक ऐप और वेबसाइट का उपयोग करें-** बैंकिंग या पेमेंट के लिए भरोसेमंद ऐप ही इस्तेमाल करें।

**श्रीमती आशा सुब्बा**
समाजसेवी, भाजपा

## साइबर सुरक्षा: फ्रॉड से बचाव के लिए पुलिस प्रशासन की गाइडलाइन

ऑनलाइन लेन-देन और डिजिटल प्लेटफॉर्म के बढ़ते उपयोग के साथ साइबर फ्रॉड के मामले भी तेजी से बढ़ रहे हैं। लोगों को सुरक्षित रखने के लिए पुलिस और साइबर क्राइम एजेंसियां समय-समय पर दिशा-निर्देश जारी करती हैं। इन नियमों का पालन कर आप खुद को आर्थिक और व्यक्तिगत नुकसान से बचा सकते हैं।

**OTP, PIN और पासवर्ड साझा करना अपराध की श्रेणी में**
किसी भी परिस्थिति में बैंक डिटेल, OTP, CVV साझा न करें। पुलिस और बैंक बार-बार यह चेतावनी देते हैं कि ऐसी जानकारी मांगना धोखाधड़ी का संकेत है।

**फर्जी कॉल और मैसेज से सतर्क रहें**
"लॉटरी लगी है", "KYC अपडेट करें", "इनाम जीता" जैसे संदेश अक्सर फ्रॉड होते हैं। पुलिस ऐसे कॉल्स को तुरंत ब्लॉक और रिपोर्ट करने की सलाह देती है।

**असलम अली**
समाजसेवी

## महिला सुरक्षा: हेल्पलाइन नंबर 1091

महिलाओं की सुरक्षा आज के समय में बेहद महत्वपूर्ण विषय है। पुलिस विभाग समय-समय पर ऐसे दिशा-निर्देश जारी करता है, जिनका पालन कर महिलाएं खुद को सुरक्षित रख सकती हैं। थोड़ी सतर्कता और सही जानकारी से कई घटनाओं को टाला जा सकता है।

**सतर्क रहें और आसपास पर नजर रखें-** हमेशा अपने आसपास के माहौल को समझें, सुनसान जगहों पर अकेले जाने से बचें

**इमरजेंसी नंबर याद रखें-** पुलिस हेल्पलाइन: 1091 जरूरत पड़ने पर तुरंत कॉल करें

**मोबाइल फोन का सही उपयोग करें**
फोन हमेशा चार्ज रखें, लोकेशन (GPS) ऑन रखें, परिवार या दोस्तों को अपनी लोकेशन शेयर करें।

मिनजानिब
**अय्यूब खान**
सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी, छत्तीसगढ

जागरुक होगा इंडिया तभी तो सुरक्षित रहेगा इंडिया
GeM Government e Marketplace
Efficient • Transparent • Inclusive
जेम टेंडर के माध्यम से आर्डर लिए जाते हैं।
आपकी सुरक्षा-हमारा कर्तव्य
BHILAI TRADING CO.
"Passionate for Your Safety Awarness"
RAVI KOTIKALA
FIRE & SAFETY CONSULTANT
Our Proud Partner
Shop No. 11, Block 09, Priyadarshani Parisar, East Supela, Bhilai, Dist.-Durg (CG), Mob. : +919406461642
email :bhilaitradingco@gmail.com, email : bhilaitrading@ceasefirecba.com

दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध
श्रीमति वैदेही शर्मा
माँ कामख्या उपासक
फीस 251/-
श्रीमती वैदेही शर्मा माँ कामाख्या की असीम कृपा साधना द्वारा समस्या हेतु जन्म कुंडली देखकर महा दशाओं के आधार पर आर्थिक, मानसिक, शारीरिक, पारिवारिक, नौकरी एवं व्यापार संबंधित काल सर्प दोष, मांगलिक दोष, पिचाष दोष, गृहण दोष, गृहकलेश, पति- पत्नी विवाद, विवाह में बाधा, सतान सुख में कमी, गुप्त शत्रु बाधा, आकर्षण उच्चाटन मारण, मास्तिक दमन, भक्तगण इन बाधाओं से पीड़ित व्यक्ति बागुला मुखी साधना द्वारा समाधान।
माँ कामख्या ज्योतिष कार्यालय मो. 9343907851
पता: धमधा रोड, मिलन पैलेस के बाजु में, दुर्ग
समय: सुबह: 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक शाम: 04 बजे से 07 बजे तक

CHANANA TIMBER MERCHANT
Gaurav Chanana
Deals in : Premium Quality Teak Wood, Pine Wood, Beeja, Sal/Sarai, Hard Wood, WPC Frame, WPC Door, Lamination Door, MicaDoor & Aluminum Section Etc.
MFG. WOODEN DOORS & WINDOWS
Paanch Rasta, Supela, Bhilai
Mob.: 99812-11787, 0788-4066305

SHRI KHATU SHYAM JYOTISH
15 वर्षों से आपकी सेवा में
प्रतिक्षा कक्ष
पूजा स्थान
परामर्श कक्ष
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री
हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"
ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-
व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया, शादी के लिए माता-पिता को मनाना
जब कहीं ना हों काम, तो हमसे लें समाधान
पं. एस. के. शास्त्री
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ
सितारों की चाल
जन्म पत्रिका बनाई जाती है
- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण
बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060
असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें
हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।
नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।
पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)
मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक
संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, शनिवार 25 अप्रैल 2026







## रेलवे की अनदेखी से यात्रियों की परेशानी : स्टेशन में हर दिन पानी के लिए मारामारी

# रेलवे स्टेशन में भीषण जल संकट...शिवनाथ नदी से नहीं मिल रहा पर्याप्त पानी, इधर रेल नीर की सप्लाई पहले ही प्रभावित

### मुंबई-हावड़ा रेल मार्ग पर दुर्ग स्टेशन से हर दिन गुजरती हैं 150 से ज्यादा ट्रेनें

अतुल अग्रवाल ▶▶ दुर्ग

मुंबई-हावड़ा मुख्य रेलवे मार्ग का दुर्ग रेलवे स्टेशन इन दिनों भीषण जल संकट से गुजर रहा है। हालत यह है कि यात्रियों को पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। कोचिंग डिपो और गाड़ियों को धोने तक के लिए पर्याप्त पानी नहीं है। प्लेटफार्म तक की सफाई नहीं हो पा रही है। रेलवे प्रबंधन ने इसे लेकर जल संसाधन विभाग और नगर निगम दुर्ग से भी संपर्क किया है, ताकि पानी के इंतजाम हो सकें। वहां से भी सही जवाब नहीं मिल पाया है। रेलवे प्रबंधन से दुर्ग निगम से हर दिन औसतन 6 से 10 टैंकरों तक पानी की डिमांड की है। रेलवे के कमर्शियल विभाग ने इसे लेकर निगम से पत्र व्यवहार किया है।

खबर है कि रेलवे के अधिकारियों ने इसे लेकर निगम के इंजीनियरों से फोन पर भी संपर्क किया है, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है। हरिभूमि की पड़ताल में खुलासा हुआ है कि शिवनाथ नदी तट के महमरा एनीकेट के बाद से हिस्से में नदी पूरी तरह से सूख गई है। पानी कुछ जगहों पर ही नाम मात्र के लिए है। इस वजह से परेशानी बढ़ गई है। खरखरा जलाशय से भी महज दुर्ग और भिलाई निगम के लिए ही पानी छोड़ा जा रहा है। रेलवे को पानी उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। रेलवे ने मोहलाई में अपना खुद का संपवेल और ओवर हेड टैंक तैयार किया है, जहां 75-75 एचपी के दो बड़े मोटरों की मदद से स्टेशन पानी पहुंचाया जाता है, जहां से उसे फिल्टर कर उसे रेलवे कॉलोनी, स्टेशन में सप्लाई की जाती है। वर्तमान में नदी का यह हिस्सा सूख गया है। स्थापित 4 से ज्यादा बोर से भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। इस वजह से यह दिक्कत सामने आई है। बता दें कि रेल नीर की सप्लाई भी पिछले करीब 1 महीने से प्रभावित है। इस वजह से स्टेशन में यात्रियों को पानी की बोतल भी महंगी कीमतों में खरीदनी पड़ रही है। रेल नीर के बजाए दूसरा विकल्प उपलब्ध कराया जा रहा है।





#### हर साल मई-जून में बिगड़ते हैं हालात, इस बार अप्रैल में दिक्कत

रेलवे के अधिकारियों के मुताबिक गर्मी के दिनों में हर साल मई और जून माह में जल संकट की स्थिति बनती है। इस बार समय से पहले ही यानी अप्रैल महीने में दिक्कत बढ़ गई है। न ही रेलवे कॉलोनी में पानी की सप्लाई हो पा रही है, न ही स्टेशन में। रेलवे का मोहलाई में स्थापित इंटकवेल पहले ही जवाब दे दिया है। यहां तक जो बोर हैं, उनसे भी पर्याप्त पानी नहीं निकल रहा है। रेलवे को उच्च अधिकारियों को इसकी खबर दी गई है, लेकिन अब तक इसका समाधान नहीं खोजा जा सका है। लगातार समस्या बढ़ते जा रही है। दुर्ग निगम और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से भी मदद मांगी गई है, लेकिन समाधान नहीं हो पाया है। जल संसाधन विभाग ने खरखरा से सिर्फ भिलाई और दुर्ग निगम को पानी दिए जाने के लिए एग्रीमेंट की बात कही जा रही है। वहीं मोहलाई में शिवनाथ नदी पूरी तरह से सूख चुकी है, इस वजह से दिक्कत बढ़ गई है।

#### स्टेशन में नहीं रेल नीर, दूसरी बोतलें हो रही सप्लाई

जानकारी के मुताबिक रेलवे स्टेशन में बने आउट लेट में रेल नीर नहीं है। दूसरी कंपनियों की पानी की बोतलें सप्लाई की जा रही है। इससे यात्रियों के सामने पानी का संकट खड़ा हो गया है। रायपुर मंडल में 650 पेटी की खपत होती है। एक पेटी में 12 बोतल होती हैं। दुर्ग में ही 200 पेटी की खपत है। गर्मी में पानी की मांग करीब 30% तक बढ़ गई है। खबर है कि इससे निपटने रेलवे ने किनले, शिवनाथ, शिवा जैसे ब्रांड को 14 रुपए में बेचने की अनुमति दी है। बिलासपुर का वॉटर प्लांट पहले ही बंद है। इसका टेंडर जनवरी 2022 को कोलकाता की शुद्धो नीर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को 10 साल के लिए दिया गया था। प्लांट महज 24 माह में ही बंद हो गया। प्लांट की क्षमता 6 हजार पेटी, यानी 72 हजार बोतल प्रतिदिन की थी। दुर्ग के अलावा बिलासपुर, रायपुर, रायगढ़, भाटापारा, राजनांदगांव, तिल्दा सहित अन्य स्टेशनों में पहले इसी प्लांट से पानी की सप्लाई हो रही थी। अब पानी नागपुर से आ रहा है।

#### प्लेटफार्म और वाशेबल एप्रॉन की पानी से सफाई की सीमित

जल संकट को देखते हुए स्टेशन में कुछ ऐहतियातन कदम उठाए गए हैं। प्लेटफार्म नंबर एक, दो, तीन के वाशेबल एप्रॉन की पानी से नियमित सफाई नहीं की जा रही है। इसके अलावा प्लेटफार्म की सफाई को लेकर भी सावधानी बरती जा रही है। आउटर के नलों में पानी की सप्लाई नहीं हो रही है। वॉटर एटीएम और अन्य माध्यम से स्टेशन के मुख्य हिस्सों में ही पानी उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अलावा कोचिंग यार्ड, गाड़ियों को धोने के लिए भी पानी का सावधानी से उपयोग किया जा रहा है। रेलवे के अधिकारियों ने बताया कि अभी स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन पानी की डिमांड बढ़ रही है। शिवनाथ नदी से पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। इस वजह से ही दुर्ग निगम के अधिकारियों से संपर्क किया गया है। ताकि टैंकरों के माध्यम से स्टेशन में पानी पहुंच सके। हमारी डिमांड हर दिन करीब 10 टैंकरो की है। अब निगम जितना पानी उपलब्ध कराए, वह निगम को तय करना है।

#### जल स्तर गिरा

रेलवे अधिकारियों ने संपर्क नहीं किया है। हमें दुर्ग और भिलाई निगम को ही पानी देना है। उनसे ही हमारा अनुबंध है, वैसे भी पानी की कमी है। रेलवे ने मोहलाई में अपना खुद का इंटकवेल बना रखा है, वहीं से वह पानी लेता है। नदी सूखी है, लेकिन विभाग ने कहीं भी पानी नहीं रोका है।

**-गौरव सिंह,** सहायक अभियंता जल संसाधन विभाग दुर्ग

## मवेशियों का अवैध परिवहन, 4 को पुलिस ने पकड़ा, पिकअप वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

मवेशियों का अवैध परिवहन करने वाले चार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से 6 मवेशी और पिकअप वाहन को जब्त किया गया है। पुलिस ने बताया कि चिखली चौक में पिकअप वाहन सीजी 5 डी 1007 को रोककर जांच की गई। पूछताछ एवं निरीक्षण के दौरान वाहन में 6 मवेशियों का बिना चारा-पानी के परिवहन किया जा रहा था। पूछताछ करने पर अपना नाम मुंडीवाड़ा वार्ड 10, थाना कटंगी, जिला बालाघाट एमपी निवासी निर्मल मनेश्वर , घोपटोला मुंडीवाड़ा, थाना कटंगी, जिला बालाघाट तुलसीराम नागेश्वर, घोपटोला मुंडीवाड़ा, थाना कटंगी, जिला बालाघाट जयपाल नागेश्वर, बोरीखुर्द, थाना अरी, जिला सिवनी भगतराम खरे होना बताया है। पुलिस आरोपियों से पिकअप वाहन 1.50 लाख, 6 नग मवेशी 82 हजार है। सामानों की कीमत 2.32 लाख रुपए आंकी गई है। मामले में आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने छत्तीसगढ़ पशु परिरक्षण अधिनियम की धारा 4, 6 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम की धारा 11(1)(घ) के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

■ जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र की घटना


**BHILAI INSTITUTE OF TECHNOLOGY, DURG**

BHILAI HOUSE, DURG-491 001 (CG)

Phone: (0788) 2359297, 2359163; Mob.: 91719 62222

E-mail: bit@bitdurg.ac.in; admission@bitdurg.ac.in,

**Website: www.bitdurg.ac.in**

ASPIRE TO EXCEL
ESTD. 1986

No. BIT/2026/WP/01 Date: 18.04.2026

**ADMISSION NOTIFICATION: 2026-27**

**B. Tech. & M. Tech. Courses for Working Professionals**

**B. Tech.**
- Civil Engineering
- Mechanical Engineering
- Computer Science & Engg.

**M.Tech.**
- Structural Engineering
- Data Science
- Elect. Power & Energy Systems

1st Time in Chhattisgarh - **B. Tech./M. Tech.** for Working Professionals.

Deepak Ad.

**Eligibility**: As per AICTE/DTE norms; **Exp.**: Minimum 1 Years working experience after graduation; Application form is available at BIT, Durg Admission office. Last date for registration is **30.05.2026**

PRINCIPAL


## दोपहिया वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश



**भिलाई।** सार्वजनिक स्थलों से दो पहिया वाहन चोरी करने वाले संगठित गिरोह के 4 आरोपी और एक अपचारी बालक को पकड़ा गया। आरोपियों के पास से 5 बाइक, एक्टिवा को पुलिस ने जब्त किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि मदर टेरेसा नगर कैम्प 2 निवासी सुखदेव पाण्डेय की नेहरू नगर अटल प्रतिमा के पास से बाइक सीजी 07 सीएल 4739 को अज्ञात ने परा कर दिया था। शिकायत पुलिस में करने के बाद जांच शुरु हुआ। पुलिस के पास मुखबिर ने सूचना दिया कि लक्ष्मी नगर सुपेला क्षेत्र से संदिग्धों को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में आरोपियों द्वारा संगठित होकर अलग-अलग स्थानों से वाहन चोरी करना स्वीकार किया। आरोप हर्ष साहू , गजानंद यादव, देवेन्द्र यादव, अजय पटेल और अपचारी बालक को पकड़ा गया। निशानदेही पर भिलाई नगर रेलवे स्टेशन गौठान के पास झाड़ियों से चोरी के 6 वाहन को बरामद किया गया। जब्त वाहनों में बाइक सीजी-07 सीएल 4739, सीजी 04 पीएक्स 6739, सीजी 07 पीडी 6279, 2 बिना नंबर की बाइक, एक्टिवा सीजी 07 बीए 4047 को जब्त किया गया है। कार्रवाई सुपेला थाना प्रभारी विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है। पुलिस ने आमजन से अपील करती है कि वाहन सार्वजनिक स्थानों पर सुरक्षित पार्क करें। सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करें, संदिग्ध व्यक्तियों, गतिविधियों की सूचना पुलिस को दें।

## फायर ब्रिगेड ने बाइक सवार को मारी ठोकर, दो घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

शुक्रवार की दोपहर करीब 1 बजे नेहरू नगर चौक पर एक तेज रफ्तार अग्निशमन वाहन ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे दो युवक घायल हो गए। इनमें से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है।

मिली जानकारी के मुताबिक अग्निशमन विभाग की गाड़ी दुर्ग की ओर से नेहरू नगर चौक की तरफ आ रही थी। उस समय रेड सिग्नल होने के कारण ट्रैफिक रुका हुआ था। जैसे ही सिग्नल खुला और वाहन आगे बढ़ने लगे, उसी दौरान फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने बाइक को पीछे से ठोकर मार दी। हादसे में दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल एक युवक को पास के चंदूलाल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के समय चौक पर एक ट्रैफिक कांस्टेबल भी मौजूद था, लेकिन आरोप है कि उसने घायलों को अस्पताल पहुंचाने में कोई पहल नहीं की। बाद में आसपास मौजूद लोगों ने मानवता दिखाते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा।

■ नेहरू नगर चौक के पास हुआ हादसा

## गुटखा फैक्ट्री से 13 मजदूर पकड़े गए, लाइसेंस नंबर की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



गुटखा फैक्ट्री में पुलिस ने दबिश देकर अलग-अलग ब्रांड के गुटखा जब्त किया है। मिली जानकारी के मुताबिक दबिश के दौरान फैक्ट्री में 13 मजदूर काम करते पाए गए। ये मजदूर एमपी, यूपी और राजस्थान के निवासी है। पुलिस इन सभी मजदूरों से पूछताछ कर रही है। जिससे पता चल पाएगा की मजदूरों को यहां कौन लाया और फैक्ट्री के संचालन में कौन-कौन लोग शामिल हैं। गुटखा, सुगंधित जर्दा, पैकिंग सामग्री, मशीनरी और कच्चा माल भी जब्त किया गया है। शुरुआती जांच से पता चला है कि यह फैक्ट्री अप्रैल की शुरुआत से सक्रिय थी और एक बड़े अवैध उत्पादन केंद्र के रूप में काम कर रही थी। जिला खाद्य और औषधि प्रशासन अधिकारी जितेंद्र नेने के मुताबिक मुसाफिर ब्रांड के पैकेट पर कुम्हारी स्थित रजत सेल्स से जुड़े एक लाइसेंस नंबर अंकित मिला है। अब जांच का मुख्य बिंदु यह है कि यह रजत सेल्स की ही दूसरी इकाई है या फिर ब्रांड के नाम पर नकली गुटखा बनाया जा रहा था। अधिकारी के मुताबिक रजत सेल्स संचालक इस इकाई को अपनी बताते हैं, तो बिना लाइसेंस के संचालन का मामला दर्ज किया जाएगा। यदि गुटखे के सैंपल जांच में फेल होते हैं, तो अलग से कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फैक्ट्री का मालिक फिलहाल फरार है। बताया जा रहा है कि फिलहाल फैक्ट्री मालिक कौन है अभी कोई किसी को जानकारी नहीं मिल पाई है। यदि यह डुप्लीकेट ब्रांडिंग का मामला निकला, तो ठगी, फूड सेफ्टी एक्ट और अन्य विभिन्न धाराओं के तहत जुर्म दर्ज किया जा सकता है।

## दिन का तापमान 42.8 डिग्री रिकॉर्ड, समान्य से 2 डिग्री तक ज्यादा

**दुर्ग।** जिले में इन दिनों झुलसाने वाली गर्मी पड़ रही है। शुक्रवार को जिले का अधिकतम तापमान 42.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो समान्य से 2 डिग्री ज्यादा रहा। वहीं न्यूनतम पारा 22.2 डिग्री रहा, जो समान्य से 3.8 डिग्री कम रहा। इस प्रकार रात के तापमान में समान्य से ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में पारा और चढ़ेगा। इसके 45 डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं। गर्मी की वजह से लू की शिकायतें बढ़ रही है। इसे लेकर हेल्थ विभाग ने पहले ही एडवाइजरी जारी की है। इधर दिन और रात के तापमान में 20 डिग्री से ज्यादा का अंतर है। आगामी दिनों में मौसम में बदलाव की संभावना बन रही है। हल्के बादल के बीच बारिश की संभावना है, जिससे गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं।


हरिभूमि फिल्मोत्सव

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी एवं INDU IT SCHOOL Dream. Discover. Empower




INDU IT SCHOOL

English Medium | CBSE | Affiliation No.: 3330066

एक ऐसा स्कूल जहाँ नई सोच और परंपरा साथ-साथ चलते हैं

क्या आपका बच्चा भविष्य के लिए तैयार है?

Admission Open

For Class 11th Scholarship Upto ₹51 Lakhs

दुर्ग-भिलाई के चुनिंदा 32 स्थानों से FREE बस सुविधा

Full Day Boarding Facility Available. 7 AM to 5 PM

Best for Working/Busy Parents

अभी फोन करें 93035 61235

www.induitschool.com

Kurud Road, Kohka, Bhilai.

Playgroup | Nursery to Class 12 (Arts, Commerce, Biology & Mathematcis)

संस्कार से शुरू, सफल भविष्य तक

नाम : ....................

मोबाइल नंबर : ....................

पता : ....................

नोट : ■ एक व्यक्ति को एक ही टिकट मिलेगा। ■ टिकट मिलने का समय सुबह 8:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक। ■ इस फारमेंट को भरकर जमा करने पर निःशुल्क टिकट दिया जायेगा।

टिकट मिलने का स्थान

इंदु आई टी स्कूल, श्री सांई दरबार के पास, कुरुद रोड, कोहका, भिलाई

हरिभूमि कार्यालय, सुपेला, भिलाई

हरिभूमि लाइव
रायपुर, शनिवार 25 अप्रैल 2026
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
0788- 4091720, Message at 7747020002, 9755819129

लाइव इवेंट

## स्टूडेंट्स को अपने व्यवहार और संस्कार से पहचान बनानी चाहिए




**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग के हिंदी विभाग के द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा स्नातकोत्तर हिंदी चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन में उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि आपने इस महाविद्यालय में न केवल शिक्षा प्राप्त की है, बल्कि जीवन के महत्वपूर्ण मूल्यों, अनुशासन, परिश्रम और संस्कार को भी आत्मसात किया है। यह आयोजन न केवल भावनात्मक होता है, बल्कि विद्यार्थियों के लिए एक नई ऊर्जा तथा आत्मविश्वास के साथ अपनी भविष्य की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरणा भी देता है। विभागाध्यक्ष डॉ. अभिनेष सुराना ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देना एवं उनके साथ बिताए गए शैक्षणिक क्षणों को स्मरणीय बनाना है। अब आप जीवन के एक नए चरण में प्रवेश करने जा रहे हैं जहां चुनौतियां भी होंगे और अवसर भी। आप सभी से यही अपेक्षा है कि आप अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहें। ईमानदारी और मेहनत को अपना मूल मंत्र बनाएं और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियां निभाते हुए महाविद्यालय और देश का नाम रोशन करें।

### स्टूडेंट्स ने कॉलेज में संस्कार और व्यवहारों में दिखाई उत्कृष्टता

कार्यक्रम में उपस्थित सहायक प्राध्यापक डॉ.अम्बरीष त्रिपाठी ने कहा कि आज आप सभी को विदा करते हुए मन भावुक हो उठा है। आपने हमारे साथ जो समय बिताया वह हमेशा हमारी स्मृतियों में रहेगा एक प्राध्यापक के रूप में हमें गर्व है कि आपने न केवल पढ़ाई में बल्कि संस्कारों और व्यवहारों में भी उत्कृष्टता दिखाई है। जीवन में आगे बढ़ते समय कई कठिनाइयां आएगी लेकिन याद रखें कि असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी होती है। धैर्य ,आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ हर चुनौती का सामना करते हुए निरंतर आगे बढ़े। विदाई समारोह में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां जैसे गीत, नृत्य ,मिमिक्री, एक्टिंग प्रस्तुत किया, जिससे वातावरण आनंदमय हो गया।

### कॉलेज के विद्यार्थियों ने साझा किए अपने अनुभव

विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए महाविद्यालय एवं शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मिस फेयरवेल मीनाक्षी गोस्वामी, मिस्टर फेयरवेल छोटेलाल और मिस्टर किंग घासीदास का चयन किया गया। कार्यक्रम में हिंदी विभाग के डॉ. रजनीश उमरे डॉ. ओम कुमारी देवांगन, डॉ. रमणी चंद्राकर, डॉ. शारदा सिंह, डॉ.लता गोस्वामी, शोधार्थी टेकलाल, कपिल, बेलमती पटेल तथा स्नातकोत्तर के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एमए द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा इमन ने किया किया।

राज्य शासन के निर्देश पर निकायों और ग्रामीण क्षेत्रों में जल्द होगी शुरुआत, आपदा से निपटने 31 मई तक तैयार होगा रोडमैप

# 'जल है तो कल है' का संदेश घर-घर तक पहुंचाने चलेगा अभियान, भूजल को सहेजने 52,621 स्ट्रक्चर किए तैयार

**भीषण गर्मी और बढ़ती पानी की जरुरत को देखते हुए शासन-प्रशासन ने नई कार्ययोजना पर काम शुरू कर दिया है। इसके अंतर्गत जल है तो कल है अभियान की शुरुआत होने जा रही है। इसके जरिए हर व्यक्ति को पानी सहेजने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जगह-जगह वाटर हार्वेस्टिंग बनाए जाएंगे। सरकारी दफ्तरों में जिन जगहों पर पहले से वाटर हार्वेस्टिंग हैं, उनका मेंटेनेंस किया जाएगा। पानी की हर बूंद को सहेजने कवायद की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसके लिए सोखता का निर्माण किया जा रहा है।**

**दुर्ग।** मनरेगा के अंतर्गत डबरी, कुएं और तालाब खोदे जा रहे हैं, ताकि बारिश के पानी को सहेजा जा सके। इसके अलावा किसी भी आपदा से निपटने के लिए नालियों की सफाई से लेकर अन्य जरूरी कार्य किए जाएंगे। इसे लेकर 31 मई तक रोडमैप तैयार कर शासन से स्वीकृति ली जानी है। दुर्ग जिले में भी इस पर काम शुरू कर दिया गया है। शासन स्तर पर शुरू किए जा रहे इस अभियान में जल सहयोगी, स्थानीय ग्रामीण, ग्रासरूट स्तर पर कार्य करने वाले कर्मी तथा पंचायत प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई जाएगी। उनके द्वारा लोगों को जल संरक्षण के महत्व एवं उसके व्यावहारिक उपायों पर विस्तार से जानकारी दी जाएगी। लोगों को जागरूक किया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि बढ़ती जनसंख्या, जल प्रदूषण एवं अनियंत्रित उपयोग के कारण जल संकट गंभीर रूप लेते जा रहा है, जिससे निपटने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक है। इसी कड़ी में जल महोत्सव कार्यक्रम तैयार किया गया है। जानकारी के मुताबिक पिछले एक साल के भीतर जिले में 52,621 वॉटर स्ट्रक्चर तैयार किए गए हैं। मोर गांव मोर पानी के तहत 29771 कंटूर एवं वाटर ऑब्जप्शन टेच का निर्माण किया गया है। 29 लो कॉस्ट मॉडल तैयार किए गए हैं। एक बेंच टेरेसिंग, 26 नलकूप रिचार्ज सिस्टम, 24 चेक डैम, 11961 काउंटर ट्रेंच, 40 गुल्लु प्लग, 5 नाला बंड, 22 ओपन वेल रिचार्ज, 737 रिचार्ज पिट, 1253 रूफटॉफ वाटर हार्वेस्टिंग, 8607 सोकता पिट, 9 टैंक, 118 ग्रामीम पॉन्ड तैयार किए गए हैं।



### भूजल को रिचार्ज करने बारिश के पानी को सहेजने की तैयारी

जानकारी के मुताबिक भूजल को सहेजने के लिए इस बार नया प्लान तैयार किया गया है। वाटर हार्वेस्टिंग के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में नलकूप के आसपास सोकता तैयार किया जाएगा, ताकि निस्तारी और व्यर्थ बहा जल सीधे जमीन के अंदर पहुंच सके। इसके अलावा बारसात के पहले बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित कर आवश्यक अमले, टूल, मशीन आदि के साथ नोडल अधिकारी की नियुक्ति करने को कहा गया है। विभाग ने बाढ़ नियंत्रण कक्षों के 24 घंटे कार्यरत रहना सुनिश्चित करने के साथ ही इसके दूरभाष नम्बर आदि का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए हैं। निचली बस्तियों, बाढ़ संभावित क्षेत्रों व प्रभावितों का चिन्हांकन कर प्रभावितों के लिए सुरक्षित स्थलों को भी चिन्हित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### नाले-नालियों से हटेंगे अतिक्रमण जल को प्रदूषण से बचाने होंगे जतन

बारिश से पहले इस बार युद्ध स्तर पर अभियान की शुरुआत होने जा रही है। नगरीय निकायों में नाले व नालियों की सफाई तथा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए आवश्यक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। विभाग ने संचालनालय से परिपत्र जारी कर सभी निकायों को जलभराव रोकने, बाढ़ की स्थिति में आपदा प्रबंधन तथा बरसात में संक्रामक बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक कार्यवाही करने को कहा गया है। नगर निगमों, नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के कार्यों की समीक्षा के दौरान आगामी 31 मई तक बड़े नाला-नालियों और ड्रेनेज की सफाई के काम पूर्ण करने के साथ ही बरसात में जल भराव रोकने जरूरी उपाय करने के निर्देश दिए गए हैं। नदी या अन्य जलस्त्रोत किसी भी प्रकार से प्रदूषित न हों। पानी के बहाव में निरंतरता के लिए निर्माणाधीन नाले व नालियों में पानी बहाव के रास्ते में से निर्माण सामग्रियों को हटाने तथा नाले-नालियों में निर्मित कच्चे एवं पक्के अतिक्रमित अवरोधों को हटाने के भी निर्देश दिए गए हैं।



## मानव एकता दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में 220 यूनिट से ज्यादा ब्लड कलेक्ट

**भिलाई।** मानव एकता दिवस पर शुक्रवार को संत निरंकारी चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा पूज्य बाबा गुरबचन सिंह की पावन स्मृति में मानव एकता दिवस श्रद्धा, समर्पण एवं प्रेमपूर्ण वातावरण में मनाया गया।

इस अवसर पर सेक्टर 8, स्ट्रीट नंबर 41 स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में रक्तदान शिविर एवं आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन किया गया। यह आयोजन संपूर्ण मानव जाति को एकत्व और सेवा का अमूल्य संदेश देने वाला रहा। शिविर में भिलाई, दुर्ग, जामुल, चीचा, गबदी, उतई, जगन्नाथपुर, दल्ली राजहरा सहित जिले के दूरस्थ अंचलों से संत निरंकारी मिशन के सैकड़ों अनुयायियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संयोजक सतपाल सैनी जी ने बताया कि 273 लोगो ने पंजीयन कराया। हीमोग्लोबिन की कमी व अपात्र रक्तदाताओं को छोड़कर कुल 220 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया, जिसमें 171 पुरुषों एवं 49 महिलाओं ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव सेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।




रक्तदान शिविर में सांसद विजय बघेल, दुर्ग महापौर अलका बाघमार, कांग्रेस नेता धर्मेंद्र यादव उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय ब्लड बैंक से प्रभारी डॉ. जेपी मेश्राम, चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवतांश वैष्णव, परामर्शदाता टीएस एंथोनी, लैब टेक्नीशियन रूपेश सरपे, रोशन सिंह, महेंद्र चंद्राकर, सेक्टर 9 रिसर्च सेंटर ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. नीली कुजुर, डॉ. दीपक दास महापात्रा, राजीव शर्मा, रीता भटनागर, संजय फुलझल्ले, साजी हसन आदि का सहयोग रहा।

## विश्व पशु चिकित्सा दिवस पर आज फ्री हेल्थ कैंप, होगा निःशुल्क एंटी-रेबीज टीकाकरण

**दुर्ग।** दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा के अंतर्गत पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा के टीचिंग वेटनरी क्लीनिकल कॉम्पलेक्स द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क पशु स्वास्थ्य जांच एवं एंटी-रेबीज टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर यह शिविर 25 अप्रैल को सुबह 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक टीचिंग वेटनरी क्लिनिकल कॉम्प्लेक्स सिविल लाइन्स में आयोजित होगा। शिविर में सभी नस्लों के कुत्तों और बिल्लियों एवं बड़े पशुओं के लिए मुफ्त स्वास्थ्य जांच और एंटी-रेबीज टीकाकरण की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस वर्ष विश्व पशु चिकित्सा दिवस की थीम वेटेनेरियन्सः गार्डियन्स ऑफ फूड एण्ड हेल्थ) रखी गई है, जो पशु चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाती है। वे न केवल पशुओं के स्वास्थ्य की देखभाल करते हैं, बल्कि खाद्य सुरक्षा, रोग नियंत्रण और जनस्वास्थ्य में भी अहम योगदान देते हैं। आयोजकों ने बताया कि, रेबीज एक गंभीर और



जानलेवा बीमारी है, जिसे समय पर टीकाकरण के जरिए पूरी तरह रोका जा सकता है। यह शिविर 'रेबीज मुक्त भारत' की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर पशुपालकों और नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने पालतू पशुओं को इस शिविर में लेकर आएं और निःशुल्क सेवाओं का लाभ उठाएं। सुरक्षा के लिए पशुओं को पट्टा (लेस) या कैरियर में लाना अनिवार्य रहेगा।

लाइव इवेंट

## जामा मस्जिद सेक्टर-6 में हज यात्रियों का किया इस्तकबाल



**भिलाई।** भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट की ओर से हज के मुबारक सफर पर जा रहे शहर के हुज्जाजे किराम का शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद जामा मस्जिद सेक्टर-6 में गुलपोशी और इत्र की खुशबू के साथ इस्तकबाल किया गया। यहां मौजूद कमेटी के ओहदेदार-सदस्यों और तमाम नमाजियों ने जायरीने हज को गले मिलकर मुबारकबाद दी।

इस मौके पर जामा मस्जिद के इमाम हाफिज इकबाल अंजुम हैदर ने सभी हुज्जाजे किराम की तरफ से अवाम से गुजारिश की कि इनके हक में दुआ करें, अगर इनसे कभी कोई गलत बात हो गई हो तो अल्लाह की रज़ा के लिए एक दूसरे को माफ करें। इस दौरान इन सभी के हज में आसानी के लिए दुआएं की गई। जायरीने हज ने भी अब तक की जिंदगी में किसी भी गलती के लिए माफी मांगते हुए उनके हक में दुआएं करने की अपील की। भिलाई नगर मस्जिद ट्रस्ट के सदर एम आसिम बेग ने बताया के नागपुर , हैदराबाद और मुम्बई के एयरपोर्ट से भिलाई के 80 से ज्यादा लोग हज के लिए रवाना हो रहे हैं। भिलाई से इस साल हज जाने वालों में हाफ़िज़ मंज़र हसन, एम आई खान, इश्तियाक अहमद, शौकत सिद्दीकी, जमील खान, अनीस अहमद , मुस्तफा अली, मुहम्मद सलीम, हमीद खान, शफी मुहम्मद, मुहम्मद मोहसिन, रफ़ीउल हक़, इजराइल सिद्दीकी, मंसूर आलम, इस्माइल गौरी, सैयद यूनुस, ज़ाकिर अहमद काज़ी, रिज़वान अंसारी, नसरुद्दीन, मुहम्मद फहीम, मिर्जा इरफान बेग, फिरोज हुसैन, अब्दुल राशिद, डॉक्टर अब्दुल हक, शेख सखावत, गुलाम रसूल, डॉक्टर आदिल, अफ़ज़ल अनीस, अयाज़ अहमद, हसन कोया, हमीदुल्लाह खान, एजाज़, अजमेर, वहीद, हमीदुद्दीन सिद्दीकी, जी एम अंसारी , गुलाम हसीब अंसारी और इमरान खान का मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद इस्तेकबाल किया गया।

हेमचंद यूनिवर्सिटी के स्थापना दिवस समारोह में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति हुए शामिल

# विश्व की समस्याओं का समाधान करने में यूनिवर्सिटी की जिम्मेदारी अहम, प्राध्यापकों का प्रयास आवश्यक

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** हेमचन्द यादव विश्वविद्यालय में शुक्रवार को 11 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के पूर्व कुलपति प्रो. एसपी गौतम रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विवि की पूर्व कुलपति डॉ. अरुणा पलटा उपस्थित थीं। स्थापना दिवस समारोह की शुरुआत सरस्वती की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। स्वागत गीत अपोलो महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रस्तुत किया। भारतीय परंपरा अनुरूप अतिथियों का स्वागत किया गया। डॉ. अरुणा पलटा ने कहा कि विवि ने अपनी स्थापना के बाद बहुत से सोपान चढ़े हैं। उन्होंने डिजिटल यूनिवर्सिटी बनने के लिए भी शुभकामनाएं दी। डॉ. गौतम ने बताया कि यूनिवर्सिटी की परिभाषा क्या होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि विश्व की समस्याओं का समाधान करना यूनिवर्सिटियों का दायित्व है।ज्ञान तो सभी के पास है लेकिन सीमित है। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए संदेश दिया कि चेतना की स्थापना अपरिहार्य है। कार्यक्रम में डीयू के कुलपति प्रो. डॉ. संजय तिवारी और संयोजक कुलसचिव डॉ. भूपेंद्र कुलदीप मौजूद थे।



### समारोह में इन कॉलेजों को किया गया सम्मानित

आयोजित कार्यक्रम में यूनिवर्सिटी से संबद्ध वाले श्रेष्ठ कॉलेज सम्मानित किए गए। इन कॉलेजों में सर्वप्रथम शासकीय महाविद्यालयों में सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय के रूप में शासकीय विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग, निजी महाविद्यालयों में सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालय के रूप में भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई नगर को सम्मानित किया गया। सर्वश्रेष्ठ शिक्षक के रूप में डॉ. जगजीत कौर सलूजा और उज्जवला सूपे को सम्मानित किया गया। सम्मान के इस क्रम में सर्वश्रेष्ठ खेल प्रेरक के रूप में डॉ अरुण चौधरी और डॉ वीरेंद्र सिंह को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अंत में धन्यवाद ज्ञापन विवि कुलसचिव डॉ भूपेंद्र कुलदीप ने दिया।


### भिलाई महिला महाविद्यालय को मिला बेस्ट कॉलेज अवॉर्ड

भिलाई एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित भिलाई महिला महाविद्यालय सेक्टर-9, भिलाई ने शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी द्वारा भिलाई महिला महाविद्यालय को उत्कृष्टता के आधार पर प्रतिष्ठित बेस्ट कॉलेज अवॉर्ड से नवाजा गया। विश्वविद्यालय से संबद्ध कुल 147 महाविद्यालयों में से भिलाई महिला महाविद्यालय का चयन इस सम्मान के लिए किया जाना संस्थान की उत्कृष्टता, गुणवत्ता और निरंतर प्रगति का प्रतीक है। यह उपलब्धि न केवल महाविद्यालय, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय है। इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होने हेतु विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों से विगत पांच वर्षों की विस्तृत एवं प्रमाणिक जानकारी प्रस्तुत करने को कहा गया था। इसमें महाविद्यालय के आधारभूत ढांचे, अत्याधुनिक प्रयोगशालाएं, शोध कार्य, पुस्तकालय संसाधन, पेटेंट एवं पुस्तक अध्याय, शिक्षिकाओं के निर्देशन में पीएचडी उपाधि प्राप्त एवं पंजीकृत शोधार्थी, प्रवेशित छात्र-छात्राओं की संख्या से जुड़े कार्यों का समग्र विवरण शामिल था। प्राचार्या प्रतिभा छाया क्लॉडियस ने यह सम्मान ग्रहण किया, जिसमें एक प्रशस्ति-पत्र, मेडल तथा 25,000 की नगद राशि प्रदान की गई है।



## धर्म इवेंट

# सोमनाथ मूल ज्योतिर्लिंग के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु



- महेश कालोनी में शिवभक्तों का रेला, किया गया रूद्राभिषेक

**दुर्ग।** सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के दुर्ग आगमन पर शहर भगवान शिव के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। महेश कॉलोनी में मूल ज्योतिर्लिंग के अंश का रुद्राभिषेक किया गया। साथ ही शिव के भजनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे। सोमनाथ मूल ज्योतिर्लिंग अंश का एक झलक पाने के लिए बड़ी संख्या में लोग उमड़ पड़े।

ज्योतिर्लिंग के शहर आगमन पर पुलगांव में भव्य स्वागत किया गया। पश्चात वहीं से बाजे-गाजे के साथ महेश कालोनी तक शोभा यात्रा निकाली गई। कालोनी में श्री राधाकृष्ण मंदिर के पास बेंगलुरु से आए स्वामी प्रणवानंद की उपस्थिति में रुद्राभिषेक किया गया। स्वामी जी ने इस अवसर पर कहा कि ज्योतिर्लिंग का छत्तीसगढ़ के शहरों में पूजन-दर्शन चल रहा है। इससे दुर्ग सहित पूरे प्रदेश में आध्यात्मिक उन्नति होगी। इस अवसर पर दुर्ग सांसद विजय बघेल, दुर्ग शहर पूर्व विधायक अरुण वोरा, राजनांदगांव के पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, चतुर्भुज राठी, नरसिंह भूतड़ा, आर्ट ऑफ लिविंग के अपेक्स सदस्य नरेंद्र राठी, संस्था के सीनियर टीचर प्रभात कुमार, हरजीत सहोता, शैलजा चंद्राकर, अरूण हाडोले, विभिन्न सामाजिक संगठनों तथा मंदिरों के प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## कायस्थ सभा ने इस विशेष दिन को मनाया पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के रूप में

# भगवान चित्रगुप्त के प्रकटोत्सव पर निकली शोभायात्रा उनके बताए मार्ग पर चलने का समाज ने लिया संकल्प

**दुर्ग।** कायस्थ सभा दुर्ग द्वारा भगवान चित्रगुप्त के प्रकट उत्सव के अवसर पर कसारीडीह स्थित कायस्थ सभा भवन से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में दुर्ग भिलाई के लगभग 200 कायस्थ परिवारो ने हिसा लिया। शोभायात्रा में घोड़ो से सुसज्जित रथ में अक्षत श्रीवास्तव भगवान श्री चित्रगुप्त के प्रतिरूप के रूप में उपस्थित थे। कायस्थ सभा के डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि चित्रगुप्त भगवान का प्रकटीकरण ब्रम्हा की काया से हुआ है। इसलिये इस वर्ग के लोगों को कायस्थ कहा जाता है। आज भव्य शोभा यात्रा के पूर्व चित्रगुप्त मंदिर में भगवान का पूजन एवं अभिषेक हुआ जिसमें मुख्य जजमान के रूप में जेसीआई के संतोष सिन्हा एवं रानू सिन्हा उपस्थित थीं। कायस्थ समा दुर्ग के अध्यक्ष राजेश महावीर प्रसाद श्रीवास्तव एवं सचिव सुमीत श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बताया कि भगवान चित्रगुप्त के प्रकटउत्सव के अवसर पर निकली भव्य शोभायात्रा कसारीडीह स्थित कायस्थ समाज भवन से आरंभ होकर केलाबाड़ी, सुराना कॉलेज के सामने से होते हुए सांई बाबा मंदिर से प्रवेश कर वापस कायस्थ सभा भवन में समाप्त हुई।







### भगवान चित्रगुप्त के स्वरूप का सामूहिक रूप से किया स्वागत, बुजुर्ग हुए सम्मानित

उपस्थित सैकड़ों कायस्थ महिला एवं पुरुषों ने भगवान चित्रगुप्त के प्रतीक स्वरूप अक्षत श्रीवास्तव का जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर उपस्थित लगभग 200 से अधिक कायस्थजनों ने भगवान चित्रगुप्त की आरती भी की। कायस्थ सभा के सचिव हर्षवर्धन श्रीवास्तव ने बताया कि शोभायात्रा में 90 वर्षीय नन्दू लाल श्रीवास्तव, 87 वर्षीय राधेश्याम श्रीवास्तव भी शामिल थे। इन दोनों वृद्ध कायस्थजनों ने शोभा यात्रा के दौरान प्रसन्नता वयक्त करते हुये नृत्य भी किया। शोभायात्रा हर्षोल्लास के साथ नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए गुजरी। जगह-जगह अन्य समाजों ने शोभायात्रा का स्वागत किया।

### महिलाएं नजर आईं पारंपरिक वेशभूषा में

कायस्थ समाज महिला मण्डल की उपाध्यक्ष सरोज श्रीवास्तव ने बताया की चित्रगुप्त के प्रकटउत्सव में महिला मण्डल का उल्लेखनीय योगदान रहा, जिसमें शोभायात्रा के दौरान बढ़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं ने पारंपरिक नृत्य गरबा, भांगड़ा तथा हिन्दी लोक नृत्य की सामूहिक रूप से प्रस्तुति दी। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख कायस्थजनों ने डॉ. सरिता प्रशांत श्रीवास्तव, श्रद्धा सुमीत श्रीवास्तव, पूनम अनिल श्रीवास्तव, अलका संजीव ब्यैहार, सुरेन्द्र खरे, राकेश कुमार श्रीवास्तव, रश्मि सुधीर श्रीवास्तव, संजीव श्रीवास्तव, संजय वर्मा, रूचि सक्सेना सहित अन्य मौजूद थे।

## सिटी लाइव

# रजत जयंती विशेषांक महाविद्यालयीन पत्रिका व्यंजना का किया लोकार्पण



- छत्तीसगढ़ राज्य के गौरवपूर्ण 25 वर्षों की यात्रा पर केन्द्रित है विशेषांक

**दुर्ग।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय जनभागीदारी समिति की बैठक में अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह परिहार की अध्यक्षता में हुई। बैठक उन्होंने कहा कि कॉमर्स ब्लॉक और कक्ष 52, 53 के उपर अतिरिक्त कक्षाओं के निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रस्ताव तैयार कराकर शासन को प्रेषित किया जायेगा। विद्यार्थियों के हित के लिये समिति हर संभव प्रयास करेगी।

बैठक में महाविद्यालयीन पत्रिका व्यंजना का लोकार्पण हुआ। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि पत्रिका का यह अंक छत्तीसगढ़ राज्य के गौरवपूर्ण 25 वर्षों की यात्रा पर केन्द्रित रजत जयंती विषेषांक है, जिसमें विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों के साथ ही विभागों की रचनात्मक उपलब्धियों को संजोया गया है। बैठक में जनभागीदारी मद के आय-व्यय का लेखा प्रस्तुत कर अनुमोदित किया गया। बैठक में पूर्व क्षेत्रीय अपर संचालक, डॉ. राजेश पाण्डेय, दिनेश्वरी तुरकर, लता ठाकुर, तारकेश्वर सिंह, वर्षा ठाकुर, सुनील कुमार मेश्राम, प्रीतम सिंह, डॉ. जगजीत कौर सलूजा एवं डॉ. अनिल पाण्डेय सहित अन्य उपस्थित रहे। अंत में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अभिनेष सुराना ने आभार व्यक्त किया।

## शपथ ग्रहण व दीक्षांत समारोह

# लैम्प लाइटिंग के साथ नर्सिंग छात्रों को मिला प्रमाण पत्र, सेवा की ली शपथ



**भिलाई।** जुनवानी स्थित श्री शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शपथ ग्रहण और दीक्षांत समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग के विद्यार्थियों ने सेवा, समर्पण और जिम्मेदारी की शपथ ली। वहीं सफल छात्रों को डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर बीएससी नर्सिंग के 14वें और 15वें बैच के विद्यार्थियों का लैम्प लाइटिंग सेरेमनी आयोजित हुआ, जो नर्सिंग पेशे में प्रवेश का प्रतीक माना जाता है। साथ ही बीएससी नर्सिंग के 10वें बैच और एमएससी नर्सिंग के प्रथम बैच का दीक्षांत समारोह भी संपन्न हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं को औपचारिक रूप से डिग्री प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गंगाजली एजुकेशन सोसायटी के चेयरमैन आईपी मिश्रा रहे। अध्यक्षता सोसायटी की अध्यक्ष जया अभिषेक मिश्रा ने की। विशिष्ट अतिथियों में शंकराचार्य अस्पताल के डीन प्रो. डॉ. एस पेनके, प्रो. डॉ. रामजी सिंह और गवर्नमेंट नर्सिंग कॉलेज रायपुर की प्राचार्या शैलू साजी शामिल रहीं। समारोह की शुरुआत डायरेक्टर श्रीमती सिंधु अनिल मेनन के स्वागत उद्बोधन से हुई, जिसमें उन्होंने नर्सिंग पेशे के महत्व और विद्यार्थियों की जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। इसके बाद प्राचार्या श्रीमती शैलजा अनिक ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए संस्थान की उपलब्धियों और शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसने पूरे माहौल को उत्साह और ऊर्जा से भर दिया। साथ ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। उप प्राचार्या विनिता सत्यकुमार ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी अतिथियों, स्टाफ और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज के टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अंत में अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें नर्सिंग सेवा के क्षेत्र में समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## श्री सांई महोत्सव समिति चुनाव

# साई मंदिर समिति के पदाधिकारियों के चुनाव के लिए 9 से नामांकन प्रक्रिया



**दुर्ग।** सार्वजनिक श्री साई महोत्सव समिति सिविल लाइन कसारीडीह के आगामी 4 वर्षीय कार्यकाल वर्ष 2026-30 के लिए चुनाव कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। यह चुनाव प्रक्रिया मुख्य चुनाव अधिकारी रमेश दीक्षित के मार्गदर्शन एवं सहायक चुनाव अधिकारी संतोष यदु, नारायणदत्त तिवारी और जयंत खिरोडकर के देखरेख में पूरी की जाएगी। नामांकन प्रक्रिया की शुरुआत 9 मई से होगी। आवश्यकता पड़ने पर 24 मई रविवार को मतदान होंगे और इसी दिन देर शाम नतीजे भी घोषित करदिए जाएंगे।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए मुख्य चुनाव अधिकारी रमेश दीक्षित ने बताया कि सार्वजनिक श्री साई महोत्सव समिति के चुनाव के लिए मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन 1 मई को प्रातः 11 बजे किया जाएगा। इसके पश्चात 2, 3 एवं 4 मई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक दावा-आपत्ति आमंत्रित किए गए है। दावा-आपत्तियों का निराकरण 6 मई को इसी समयावधि में किया जाएगा तथा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 8 मई को प्रातः 11 बजे किया जाएगा।श्री दीक्षित ने बताया कि नामांकन प्रक्रिया 9 एवं 10 मई को नामांकन पत्र वितरण से प्रारंभ होगी, जबकि 11 एवं 12 मई को नामांकन पत्र जमा किए जाएंगे। नामांकन पत्र वितरण और जमा के लिए प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे का समय निर्धारित किया गया है। 13 मई को नामांकन पत्रों की जांच कर प्रत्याशियों की सूची प्रकाशित की जाएगी। इसके बाद 14 एवं 15 मई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे के बीच नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण कर अंतिम प्रत्याशियों की सूची जारी की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर मतदान 24 मई, रविवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक कराया जाएगा। मतगणना इसी दिन शाम 4 बजे से की जाएगी। मतगणना उपरांत परिणाम भी घोषित किए जाएंगे। चुनाव की संपूर्ण प्रक्रिया श्री सांई मंदिर परिसर, सिविल लाइन कसारीडीह दुर्ग में संपन्न कराई जाएगी।मुख्य निर्वाचन अधिकारी रमेश दीक्षित ने बताया कि सार्वजनिक श्री साई महोत्सव समिति का यह चुनाव अध्यक्ष एवं सचिव पद के लिए होगा। चुनाव लड़ने इच्छुक सदस्य 2,100 रुपये शुल्क जमा कर चुनाव अधिकारी से नामांकन के लिए निर्धारित दिन व समय में नामांकन पत्र प्राप्त कर सकते है। यह नामांकन शुल्क वापसी योग्य नहीं होगा।

## खेल इवेंट

# सीएसवीटीयू की खिलाड़ी किरत ने गतका में जीता कांस्य



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय (सीएसवीटीयू) की छात्रा एवं प्रतिभाशाली गतका खिलाड़ी किरत कौर ने यूनिवर्सिटी ऑफ कोटा राजस्थान में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय गतका (महिला) प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अर्जित कर विश्वविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है। इस अवसर पर कुलपति डॉ. अरूण अरोरा, कुलसचिव डॉ. अमित सिंह राजपूत, परीक्षा नियंत्रक डॉ. रोहित कुमार मिरी एवं प्र. विश्वविद्यालय खेल निदेशक किशोर कुमार भारद्वाज ने आरसीईटी भिलाई की छात्रा किरत कौर, टीम कोच हरविंदर सिंह तथा टीम मैनेजर कोंडल राव वरिष्ठ खेल अधिकारी बीआईटी दुर्ग को बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आशा व्यक्त की है कि भविष्य में भी सीएसवीटीयू के खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन करते रहेंगे।

## ग्रामीण किसान की अनोखी पहल, बच्चों को एजुकेशन से जोड़ने किया जा रहा प्रयास

# आधुनिक खेती के संग एग्रो टूरिज्म...मॉडल के रूप में विकसित हो रहा ग्राम गोढ़ी, ट्रैक्टर राइड, वाटर पार्क, स्वीमिंग पूल आकर्षण

कार्नर न्यूज

**दुर्ग।** धमधा ब्लॉक के ग्राम गोढ़ी में एग्रो टूरिज्म और आधुनिक खेती का एक अनोखा एवं प्रेरणादायक मॉडल विकसित किया गया है, जो ग्रामीण विकास की नई दिशा तय कर रहा है। यहां कृषि और पर्यटन का ऐसा समन्वय देखने को मिलता है, जो किसानों के लिए आय के नए स्रोत और युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित कर रहा है। छत्तीसगढ़ कृषि महाविद्यालय धनोरा के अंतिम वर्ष के छात्र पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह ने कृषि पत्रकारिता एवं व्यवहार कौशल विषय के प्रायोगिक अध्ययन के अंतर्गत इस फार्म का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने फार्म संचालक प्रगतिशील किसान से मुलाकात कर आधुनिक खेती की तकनीकों और प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

### एडवेंचर गतिविधियों जैसी आकर्षक सुविधाएं भी उपलब्ध

किसान ने बताया कि उन्होंने अपनी खेती की शुरुआत मात्र 5 एकड़ भूमि से की थी। निरंतर मेहनत, नवाचार और आधुनिक तकनीकों के उपयोग से आज उनका फार्म लगभग 150 एकड़ तक विस्तारित हो चुका है, जो उनकी दूरदर्शिता और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है। पर्यटकों के लिए मड बाथ (मृदा स्नान), ट्रैक्टर राइड, वाटर पार्क, स्वीमिंग पूल एवं विभिन्न एडवेंचर गतिविधियों जैसी आकर्षक सुविधाएं उपलब्ध हैं। साथ ही आगंतुकों को सब्जी तुड़ाई एवं खेती के कार्यों का प्रत्यक्ष अनुभव भी कराया जाता है, जिससे वे ग्रामीण जीवन और कृषि प्रणाली को नजदीक से समझ पाते हैं।



### फार्म में मौसमी सब्जियों के साथ अमरूद का प्रोडक्शन

इस दौरान फार्म में मौसमी सब्जियों के साथ बड़े पैमाने पर अमरूद का उत्पादन किया जा रहा है, जो किसानों के लिए आय का एक मजबूत स्रोत बनकर उभरा है। इस मॉडल के माध्यम से न केवल ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा मिल रहा है, बल्कि स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित हो रहे हैं। शहरों से आने वाले लोग यहां प्राकृतिक वातावरण में समय बिताने के साथ-साथ खेती और ग्रामीण जीवन से जुड़ी नई जानकारियां प्राप्त कर रहे हैं। विशेष रूप से बच्चों के लिए यह स्थान एक एजुकेशनल हब के रूप में विकसित हो रहा है, जहां वे प्रकृति, खेती और ग्रामीण संस्कृति का व्यावहारिक ज्ञान हासिल कर रहे हैं। यह पहल आधुनिक कृषि और पर्यटन के सफल समन्वय का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो आने वाले समय में अन्य किसानों और उद्यमियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन सकती है।

## खबर संक्षेप

### भोजपुरी परिषद का चैता व सम्मान समारोह आज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ भोजपुरी परिषद द्वारा शनिवार को रात 8 बजे से ट्रांसपोर्टनगर हथखोज फेस टू परिसर में दो दलीय चैता का जंगी मुकाबला और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। लोक गायन चैता में उत्तर प्रदेश बिहार के प्रसिद्ध लोक गायक किशुन छैला सीवान और सुभाष सागर चंपारण के बीच मुकाबला होगा। परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल और अति विशिष्ट अतिथि पूर्व केबिनेट मंत्री प्रेमप्रकाश पांडेय होंगे। अध्यक्षता परिषद के संरक्षक संजय ओझा करेंगे और विशिष्ट अतिथि छग खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष राकेश पांडे व विधायक गण रिकेश सेन, देवेंद्र यादव, डोमनलाला कोर्सेवाड़ा और भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्ट के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, जिला भाजपाध्यक्ष भिलाई पुरुषोत्तम देवांगन, सीएम के निज सचिव तुलसी कौशिक परिषद के संयोजक संतोष शर्मा होंगे।

### राजनादगांव की राह हुई आसान, ग्रामीणों में हर्ष

**निकुम।** ग्राम पंचायत भोथली के लगातार दशक भर सरपंच रहे दिव्यांग सुरेश साहू ने कहा कि प्रदेश में विष्णु देव भाजपा सरकार बनने गांव, गरीब किसान का विकास हो रहा है, अब गांव की तस्वीर बदल



रही है, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर गांव में जाकर ग्रामीणों की सुध लेकर लगातार विकास कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुर्ग जिले और राजनांदगांव को जोड़ने रूदा से धीरी शिवनाथ नदी पर बना करोड़ों रुपए का पुल विवादों के कारण कई सालों से अधूरा पड़ा रहा। तत्कालीन विधायक व लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू का क्षेत्र होने के बावजूद निर्माण कार्य रुकने से अंचल के लोगों को बहुत परेशानी होती थी, लेकिन भाजपा सरकार के आने पर नदी पर आवागमन सुचारू रूप से शुरू हो गया।

### पौधे लगाकर दिया पर्यावरण बचाने का संदेश



**उतई।** सहायक खाद्य अधिकारी वसुधा गुप्ता की सुपुत्री सुदीक्षा (केया) गुप्ता के जन्मदिन पर डुन्डेरा नर्सरी में नीम का पौधा रोपित किया गया। वहीं वर्षा गुप्ता की सुपुत्री अनंता गुप्ता एवं अधिष्ठा गुप्ता ने भी पीपल का पौधा रोपित किया। पौधारोपण के माध्यम से सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

### निधन

### बजरंग शर्मा

**दुर्ग।** जवाहर नगर निवासी बजरंग शर्मा पिता ईश्वर प्रसाद मिश्र (73 वर्ष) का शुक्रवार को निधन हो



गया। वे बीजेपी नेता और पटरीपार मंडल के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद थे।

Satya TRUCKING PVT. LTD.
आवश्यकता है
बिजनेस एक्जीक्यूटीव
योग्यता - ग्रेजुएशन,
स्थान- रायपुर (1 पद), नारायणपुर (1 पद), डोंगरगढ़ (1 पद), दल्ली राजहरा (1पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
रिटेल फायनेंस मैनेजर
योग्यता - ग्रेजुएशन, स्थान- रायपुर (1 पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
कस्टमर केयर मैनेजर
योग्यता - ग्रेजुएशन, स्थान- रायपुर (1 पद)
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
इलेक्ट्रीशियन+मैकेनिक
योग्यता - आईटीआई/डिप्लोमा
स्थानः रायपुर - 15 पद, राजनांदगांव-4 पद
वेतन - 15,000 + इंसेंटिव
फ्रेशर भी आवेदन कर सकते हैं।
अपना अपडेटेड रेज्यूम भेजें
noman.sinha@teamsatya.in
या कॉल करें
7748900111, 9098750248
जी.ई. रोड, टाटीबंध, रायपुर (छ.ग.)

# भरर में आज निकलेगी 1010 कलश यात्रा, दो दिन का सामाजिक जुटान

## 15 जोड़े लेंगे सामूहिक फेरे, साय और भूपेश सहित कई अतिथि होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जामगांव आर

तहसील साहू संघ की ओर से दो दिवसीय भव्य कर्मा जयंती समारोह 25 अप्रैल से आयोजित है। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि शनिवार को 25 अप्रैल को 1010 कलश के साथ माताएं-बहने भव्य कलश यात्रा निकालेंगी। दो दिवसीय भव्य कर्मा जयंती समारोह में 15 जोड़े सामूहिक परिणय मण्डप में फेरे लेंगे। नव दाम्पत्य को आशीर्वाद प्रदान करने सीएम ,पूर्व सीएम, उप मुख्यमंत्री, पूर्व गृह मंत्री, पूर्व मंत्री ,विधायक ,पूर्व विधायक सहित सामाजिक कद्दावर हस्तियों का आगमन होगा। उन्होंने बताया कि समारोह को सफल बनाने 99 ग्राम के साहू समाज का सराहनीय सहयोग प्राप्त हो रहा है। तहसील साहू संघ पाटन के तत्वावधान में तहसील साहू संघ पाटन, परिक्षेत्रीय साहू संघ जामगांव आर एवं स्थानीय साहू समाज भरर के संयुक्त नेतृत्व में तहसील स्तरीय विशाल कर्मा



महोत्सव, सामूहिक आदर्श विवाह एवं सामाजिक सम्मान समारोह (23वां वर्ष) का यह आयोजन किया जा रहा है। तहसील अध्यक्ष लालेश्वर साहू ने बताया कि 25 अप्रैल शनिवार को दोपहर 02:00 बजे कलश यात्रा निकलेगी। शाम 04:00 बजे आरती, अतिथि स्वागत महिला सम्मेलन एवं चुलमाटी कार्यक्रम होगा। मुख्य अतिथि रमशीला साहू (पूर्व कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन) होंगी। अध्यक्षता दिव्या कलिहारी (महिला संयोजिका, प्रदेश साहू संघ) करेंगी। अतिविशिष्ट अतिथियों में चंद्रिका साहू (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य), मंजू साहू (उपाध्यक्ष, जिला साहू संघ दुर्ग), ललेश्वरी साहू (महिला संयोजिका, जिला साहू संघ दुर्ग), दामिनी साहू (सदस्य जनपद पंचायत पाटन) एवं कौशल्या साहू (सरपंच, ग्राम पंचायत भरर) शामिल रहेंगी। महिला सम्मेलन का संचालन आरती साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्र तेली गुंडरा करेंगी। 26 अप्रैल रविवार को सुबह 10:00 बजे मां कर्मा की महाआरती एवं वैवाहिक संस्कार प्रारंभ होंगे। दोपहर 12:00 बजे प्रथम सत्र में मां कर्मा महोत्सव, दानवीर भामाशाह जयंती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस सत्र के मुख्य अतिथि भूपेश बघेल (पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधायक, पाटन) होंगे, जबकि प्रमुख अतिथि ताम्रध्वज साहू (पूर्व कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन) रहेंगे। अध्यक्षता नंदलाल साहू (अध्यक्ष, जिला साहू संघ दुर्ग) करेंगे।

### सीएम विष्णु देव साय देंगे 15 जोड़े को आशीर्वाद

दोपहर 02:00 बजे बारात स्वागत किया जायेगा, लगभग 15 जोड़ा के सामुहिक विवाह की वैवाहिक संस्कार एवं पाणिग्रहण (महंत पंचम दास साहेब शास्त्री जी, परसोदा (डंगनिया) द्वारा) संपन्न होगा। शाम 04:00 बजे द्वितीय सत्र में अतिथि स्वागत, आशीर्वाद समारोह एवं विदाई कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस सत्र के मुख्य अतिथि विष्णुदेव साय (मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन) होंगे। प्रमुख अतिथि अरुण साव (उप मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन) रहेंगे एवं अध्यक्षता डॉ. नीरेंद्र साहू (अध्यक्ष, प्रदेश साहू संघ रायपुर) करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथियों में गजेन्द्र यादव (शिक्षा मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन), विजय बघेल (सांसद, दुर्ग लोकसभा क्षेत्र) विशेष अतिथि होंगे जोगेश्वर साहू जी(पूर्व कैबिनेट मंत्री म.प्र. शासन) दयाराम साहू (पूर्व विधायक गुंडरदेही) दीपक साहू, (पूर्व अध्यक्ष छ.ग. हस्तशिल्प बोर्ड) जितेन्द्र साहू (अध्यक्ष तेलघानी बोर्ड छ.ग. शासन श्रीमती कल्पना नारद साहू (सभापति जि.पं. दुर्ग) रामकुमार चन्द्राकर (सदस्य जनपद पंचायत पाटन) सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम स्थल में स्वास्थ शिविर का भी आयोजन 26 अप्रैल को किया गया है।

## पंचायती राज दिवस पर ग्रामीण अंचल में हुए समारोह

# विशेष ग्राम सभा में दिलाई नशा मुक्ति की शपथ, सम्मान सहित हुए विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

ग्राम पंचायत ओडारसकरी में शुक्रवार को पंचायती राज दिवस पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गांव के विकास, जनभागीदारी और शासन की योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने नशे से दूर रहकर समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। साथ ही "लखपति दीदी" योजना के तहत चयनित महिलाओं का सम्मान पंच बहनों द्वारा श्रीफल और गुलाल भेंट कर किया गया, जिससे महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिला। सभा में कृषि विभाग से पहुंचे श्री वर्मा ने किसानों और ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आधुनिक खेती, सरकारी सहायता और योजनाओं के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच अनिल सोनी, सचिव होरी लाल,उपसरपंच, पंचगण, ऑपरेटर, बिहान समूह की महिलाएं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर पंचायत व्यवस्था को मजबूत बनाने और गांव के समग्र विकास के लिए सहयोग करने का संकल्प लिया।कार्यक्रम के अंत में सभी ग्रामवासियों को पंचायती राज दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गईं।

### ग्राम सभा के महत्व से रूबरू हुए लोग



### ग्रामीण प्रतिभाओ का सम्मान किया पंचायत ने

**सेलूद।** ग्राम पंचायत सेलूद के तत्वावधान में पंचायत दिवस के अवसर पर ग्राम सेलुद में आयोजित कार्यक्रम में सरपंच खिलेश मारकंडे व अतिथियों ने महापुरुषों के चित्रों पर माल्यार्पण किया। इस



दौरान विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले लोगों को पंचायत की ओर सम्मानित किया गया। जिसमें ग्राम सभा अध्यक्ष सुरेन्द्र बंछोर, स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी के परिवार के गंगोत्री वर्मा, अंजनी बाई बंछोर, सेवा निवृत्त शिक्षकगण एन. के. तिवारी, दौवाराम वर्मा, अर्जुनसिंह बन्छोर, अशोक यादव, एन एस टेमुनकर, दयालु राम यादव, हरिचरण ठाकुर, हीरालाल ठाकुर, नवोदय विद्यालय में चयनित सेलुद के विद्यार्थी ठगेश ठाकुर, खेल में विशेष प्रतिभा अर्जित करने वाली भुनेश्वरी ठाकुर का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सरपंच खिलेश मारकंडे ने कहा कि पंचायती राज व्यवस्था के चलते सत्ता की डोर सीधे गांव और आम आदमी के हाथों में आई है। हमारा गांव समृद्ध होगा, तभी हमारा भारत सशक्त होगा। इस कार्यक्रम में कार्तिक राम वर्मा मुक्तुराम साहु पंच व ग्रामवासी उपस्थित थे।

### पंचायती राज दिवस पर योजनाओं की दी गई जानकारी



**अण्डा।** पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सिरसिदा में शुक्रवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में ग्रामवासियों को पंचायती राज व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी गई तथा शासन की विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया गया। इस अवसर पर सरपंच सरस्वती चंद्राकर, उपसरपंच दामिनी चंद्राकर, सचिव मोतीलाल साहू, रोजगार सहायक रंगीता देवांगन, डाटा एंट्री ऑपरेटर अंबालिका, पंचायत सहायक हरीश विश्वकर्मा एवं सरपंच प्रतिनिधि व ग्रामीण अध्यक्ष इंद्रजीत चंद्राकर सहित पंचगण और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्राम सभा में उपस्थित ग्रामीणों ने शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त की और गांव के विकास के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान पंचायत स्तर पर विकास कार्यों को गति देने और जनभागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।



# अमलेश्वर के वार्डों में शुरू हुई नियमित जल आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन

नगर पालिका परिषद अमलेश्वर अंतर्गत बजरंग पारा एवं वार्ड क्रमांक 03 में लंबे समय से बनी पेयजल समस्या के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पाइपलाइन विस्तार कार्य पूर्ण कर उसका विधिवत शुभारंभ किया गया। भीषण गर्मी के बीच जल संकट से जूझ रहे क्षेत्रवासियों के लिए यह पहल राहत भरी साबित हो रही है। पाइपलाइन के माध्यम से अब नियमित जल आपूर्ति प्रारंभ हो गई है, जिससे स्थानीय नागरिकों में खुशी का माहौल है।

नगर पालिका अध्यक्ष दयानंद सोनकर एवं सीएमओ प्रीति गुप्ता की उपस्थिति में पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने कहा कि नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना उनकी प्राथमिकता है और पेयजल जैसी जरूरी सुविधा उपलब्ध कराना नगर पालिका की जिम्मेदारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्य लगातार किए जाते रहेंगे। इस अवसर पर डॉ. आलोक पाल (पार्षद, वार्ड क्रमांक 01 एवं प्रभारी लोकनिर्माण विभाग), राजू सोनकर (पार्षद, वार्ड क्रमांक 03 एवं राजस्व विभाग प्रभारी), खुबीराज सोनकर (पार्षद, वार्ड क्रमांक 07 एवं स्वास्थ्य विभाग प्रभारी), सोहन निषाद (पार्षद, वार्ड क्रमांक 16 एवं जल विभाग प्रभारी) तथा रामेश्वरी ठाकुर (पार्षद, वार्ड क्रमांक 10 एवं महिला एवं बाल विकास विभाग प्रभारी) सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वार्डवासी शामिल हुए और सभी ने इस पहल का स्वागत करते हुए नगर पालिका का आभार व्यक्त किया। नागरिकों ने कहा कि इस योजना से उन्हें पानी की समस्या से राहत मिलेगी और दैनिक जीवन में काफी सुविधा होगी।



# जीन में होने वाले बदलाव को समझाया अतिथि व्याख्यान में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग में विज्ञान विभाग के द्वारा आनुवांशिक उत्परिवर्तन विषय पर एक अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि व्याख्याता के रूप में डॉ.सुरुचि पार्खे सहायक प्राध्यापक सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई ने अपना उद्बोधन दिया। इस दौरान विज्ञान विभाग के सभी सहायक प्राध्यापक व विद्यार्थी गण अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

- शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में विज्ञान विभाग का आयोजन

डॉ. सुरुचि पार्खे ने अपने व्याख्यान में उत्परिवर्तन के सिद्धांत प्रकार कारण और उनके प्रभाव के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सरलता से उत्परिवर्तन के कारण होने वाले बीमारियों के बारे में समझाया। उन्होंने बताया कि कैसे जीन में होने वाला छोटा सा परिवर्तन जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता। उन्होंने बताया कि उत्परिवर्तन विभिन्नता और विकास का आधार है यह इतना प्रभावशाली होता है कि इसका नए जीव की उत्पत्ति हो सकती है। यह कार्यक्रम शैलदेवी महाविद्यालय के संचालक .राजन दुबे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस व्याख्यान में विद्यार्थियों ने बहुत ही उत्सुकता और रुचि प्रकट की।

## खाद-बीज के लिए किसानों को नहीं पड़ेगा भटकना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोरी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा बोरी लिटिया भाजपा मंडल के अंतर्गत ग्राम दनिया, सिल्ली, पथरिया, छोटे पूरदा, अरसी और भांठाकोकडी में नवीन सेवा सहकारी समितियों का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी किसानों को उनके क्षेत्र में नई सहकारी समितियों के अस्तित्व में आने पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर बीरबल पटेल अध्यक्ष भाजपा मंडल बोरी लिटिया, सूरज देशमुख, नीलांबर साहू महामंत्री, अरविंद पटेल प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो उपस्थित थे। नई समितियों के गठन से स्थानीय किसानों को खाद, बीज और ऋण संबंधी सुविधाओं के लिए अब दूर नहीं भटकना पड़ेगा। इस दौरान समिति के अध्यक्ष बलराम पटेल, युगल पटेल, महावीर वर्मा, बिरसिंग पटेल, सीताराम पटेल, राजेश पटेल, जनपद सदस्य तिथेश्वरी वर्मा, श्यामू पारकर, बृजलाल निषाद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



# श्रमिक प्रतिनिधियों ने मजदूर हित में कार्य करने का लिया सकंल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंजोरा

रसमड़ा स्थित औद्योगिक क्षेत्र में भारतीय मजदूर संघ के नए कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, जिलाध्यक्ष पिछड़ा प्रकोष्ठ तेजेंद्र सिंह सिन्हा, नगर निगम भिलाई अध्यक्ष शशिभूषण मोहिते सहित कई जनप्रतिनिधि और श्रमिक नेता मौजूद रहे।

- रसमड़ा में भारतीय मजदूर संघ का कार्यालय

इस दौरान श्रमिकों की समस्याओं को लेकर प्रशासन और कंपनी प्रबंधन के सामने कई अहम मांगें रखी गईं। इनमें अकुशल से कुशल श्रमिकों की वेतन वृद्धि, पीएफ और स्वास्थ्य सुविधाएं, कार्यस्थल पर सुरक्षा उपकरण, ओवरटाइम का उचित भुगतान और साप्ताहिक अवकाश शामिल हैं।

### श्रमिकों की समस्याओं पर उठाई आवाज




श्रमिक प्रतिनिधियों ने 20 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा, ईएसआई अस्पताल की 24 घंटे सेवा, महिला श्रमिकों के लिए अलग शौचालय और विश्राम कक्ष की व्यवस्था, साथ ही कैंटीन सुविधा उपलब्ध कराने की मांग भी उठाई। जिला मंत्री हरीशंकर तिवारी ने श्रमिकों से अपील की कि वे शासन की योजनाओं का लाभ लेने के लिए संघ से जुड़ें, ताकि उनकी समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान हो सके। कार्यक्रम में मौजूद नेताओं ने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर श्रमिक तक पहुंचना चाहिए और श्रमिकों के हित में संगठन को मजबूत करना जरूरी है। उपस्थित सभी श्रमिक प्रतिनिधियों और श्रमिको ने संगठन के मूल उददेश्य, देशहित, उद्योगहित व मजदूरहित में कार्य करने का सकंल्प लिया गया। कार्यक्रम में रामखिलावन यादव, प्रमिला देवागंन, पुष्पा सिंह, रुपेश कुमार यादव आदि शामिल थे।

## पाटन क्षेत्र में अवैध मुरुम खनन के विरोध में सौंपा गया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाटन



नगर पंचायत पाटन क्षेत्र में शासकीय भूमि पर हो रहे अवैध मुरुम खनन के विरोध में शुक्रवार को नगर कांग्रेस कमेटी पाटन के नेतृत्व में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पाटन को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, पार्षदगण, पूर्व पार्षद, छाया पार्षद, विधायक प्रतिनिधि एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे। सभी ने एकजुट होकर अवैध खनन पर रोक लगाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि शासकीय भूमि से लगातार अवैध रूप से मुरम का उत्खनन किया जा रहा है, जिससे शासन को राजस्व की हानि हो रही है तथा पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से मांग की है कि अवैध खनन पर तत्काल रोक लगाई जाए एवं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं होती है, तो आगे और उग्र आंदोलन किया जाएगा। नगर पचायत पाटन के नेता प्रतिपक्ष आभाष दुबे ,पार्षद मनोज कुर्रे, गोपाल देवांगन ,तरुण बिजोर, कमलकीशोर वर्मा ,सरजू साहू ,पुरुषोत्तम कश्यप ,मनीष देवांगन ,मोती यादव, दीपक यादव, बिरेंद्र कौशिक उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
>वात रोग >घुटनो के दर्द >पीठ व कमर दर्द >स्पॉन्डिलाइटिस >लिगामेंट के दर्द
>साइटिका >गोल्फ एल्बो >फ्रोजन शोल्डर >शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
मलद्वार संबंधित सभी बीमारियों का इलाज
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# ट्विनसिटी की सोसायटियों में चावल के लिए भटक रहे लोग

## तीन माह का चावल देने का ऐलान हवा-हवाई, नहीं हो रही सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भीषण गर्मी में लोगों को चावल के लिए भटकना पड़ रहा है। अधिकतर राशन दुकानों में चावल की सप्लाई नहीं होने से हितग्राहियों के साथ दुकानदार भी परेशान हैं। हितग्राहियों ने जल्द कलेक्टर से चावल दिलवाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि सरकार द्वारा इस माह हितग्राहियों को तीन महीने का चावल एक साथ वितरित किए जाने की घोषणा की है। लेकिन वास्तविक स्थिति दयनीय है। तीन महीने तो दूर लोगों को एक महीने के चावल प्राप्त करने के लिए भी तरसना पड़ रहा है। भिलाई में पटरीपार की बस्तियों और टाउनशिप की अधिकतर सोसायटियों में संचालकों द्वारा पिछले दो महीने से चावल की सप्लाई नहीं होना बताते हुए हितग्राहियों को बैरंग लौटाया जा रहा है। कुछ सोसायटियों में बीपीएल के लोगों को एक महीने का चावल दिया जा रहा है लेकिन एपीएल के हितग्राहियों को किसी भी सोसायटी में चावल की सप्लाई नहीं होना बताते हुए खाली हाथ लौटाया जा रहा है। इस संबंध में जिला खाद्य नियंत्रक अनुराग सिंह भदौरिया से संपर्क करने पर उन्होने बताया कि सोसायटियों में चावल सप्लाई करना नागरिक आपूर्ति निगम का काम है। वहां से पता कर लीजिए।




### चिलचिलाती धूप में लौट रहे बैरंग

हरिभूमि द्वारा पटरीपार और टाउनशिप की कई राशन दुकानों में जाकर संचालकों से बातचीत करने बताया गया कि एपीएल का चावल पिछले दो महीने से आ रहा है। बीपीएल को भी कुछ सोसायटियों में चावल मिल रहा है। कुछ दुकानो में तो स्टांक नही होने के कारण ताला जड़ा हुआ मिला। चिलचिलाती धूप में बैरंग लौट रही महिलाओं ने बताया कि रोज एक दो दिन में चावल आ जाएगा बताया जा रहा है लेकिन वापस जाना पड़ रहा है। जबकि इस माह तीन महीने का चावल एक साथ दिए जाने की घोषणा की गई है। बताते हैं कि भिलाई दुर्ग में करीबन तीस सौ सोसायटियों में पिछले दो महीने से केंद्र से चावल की सप्लाई नहीं हो रही है।

## खबर संक्षेप



### राजभाषा कार्यान्वयन समिति की हुई बैठक

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही समीक्षा बैठक हुई। अध्यक्षता भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक और राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष पवन कुमार ने की। बैठक में सभी कार्यपालक निदेशक सीजीएमक प्रभारी सहित महाप्रबंधक प्रभारी जेएन ठाकुर, महाप्रबंधक प्रभारी अमूल्य प्रियदर्शी व राजीव कुमार उपस्थित थे। मुख्य अतिथि ने संयंत्र की हिंदी गृह पत्रिका 'भिलाई भाषा भारती' के संयंत्र विशेषांक तथा 'नगर राजभाषा का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि, हिंदी में कार्य करने में प्रत्येक कार्मिक की भागीदारी सुनिश्चित करना हम सबका दायित्व है। बैठक का संचालन उप प्रबंधक शालिनी चौरसिया व उप प्रबंधक जितेन्द्र दास मानिकपुर ने किया।

### बैसाखी उत्सव का आयोजन आज

**भिलाई।** पंजाबी कल्चरल एंड वेलफेयर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ तथा पंजाबी भाईचारा समिति के संयुक्त तत्वावधान में सांस्कृतिक कार्यक्रम बैसाखी उत्सव 25 अप्रैल को शाम 7 बजे गुरुनानक इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-6 भिलाई में आयोजित किया गया है। इसमें पंजाबी गीत, भांगड़ा, गिद्दा आदि की प्रस्तुति दी जाएगी। मुख्य अतिथि बीएल नेब अध्यक्ष पंजाबी भाईचारा सहित इंद्रजीत सिंह छोटू अध्यक्ष सिख यूथ सेवा समिति, जसवीर सिंह चहल अध्यक्ष छत्तीसगढ़ सिख पंचायत, त्रिलोक सिंह ढिल्लों खालसा पब्लिक स्कूल दुर्ग, गुरुदेव सिंह अध्यक्ष श्री गुरु सिंघ सभा सेक्टर-6 आदि उपस्थित होंगे। अध्यक्षता हरजीत सिंह धंजल करेंगे।

### श्रीकांत प्रदेश थ्रोबाल संघ के अध्यक्ष और गहलोत कोषाध्यक्ष निर्वाचित



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश थ्रोबाल संघ की वार्षिक आम सभा शुक्रवार को अग्रसेन आईटीआई भिलाई में संघ के अध्यक्ष रमन साहनी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सभा में उपस्थित संघ के सभी पदाधिकारियों द्वारा सर्व सम्मति से श्रीकांत दासगुप्ता को छत्तीसगढ़ प्रदेश थ्रोबाल संघ का अध्यक्ष और दीपक गहलोत को संघ का कोषाध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वहीं ए गौतम राव उपाध्यक्ष, अशोक कुमार व नन्द किशोर कुशवाहा को संयुक्त सचिव नियुक्त किए गए। पी कामराजू को पुनः छत्तीसगढ़ प्रदेश थ्रोबाल संघ का सचिव निर्वाचित किया गया। इस दौरान रमन साहनी, दीपक गहलोत, ए गौतम राव, अशोक कुमार, नंद किशोर कुशवाहा, ज्योति निर्मलकर, सुमित, के जानसन, गुरुदेव, अमित शर्मा आदि उपस्थित थे।

## वर्षों बाद भी ट्विनसिटी सहित जिला के निकायों ने नहीं किया विकसित

# भारी पड़ सकती है प्रशासन की बीएसपी के दमकल बेड़े पर निर्भरता

### एशिया के सबसे बड़े कारखाने की फायर ब्रिगेड गाड़ियां जाती हैं बाहर आग बुझाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भीषण गर्मी में जिले में अग्नि दुर्घटनाओं को लेर भिलाई इस्पात संयंत्र के फायर ब्रिगेड गाड़ियों पर जिला प्रशासन की बढ़ती निर्भरता संयंत्र के साथ प्रशासन पर भी भारी पड़ सकती है। बाहर आग लगने की बढ़ रही घटनाओं के बाद भी निकायों द्वारा अब तक खुद का दमकल विभाग विकसित नहीं किया जा सका है। वहीं संयंत्र के अंदर भी अग्नि हादसों में बढ़ोत्तरी हो रही है।

उल्लेखनीय है कि पिछले कई साल से बीएसपी की दमकल गाड़ियां दुर्ग जिला बल्कि संभाग के ग्राम्यांचल तक आग बुझाने के लिए जा रही हैं। इसकी वजह नगरीय निकायों और पंचायतों द्वारा अब तक अपना अग्निशमन विभाग विकसित नहीं किया जाना है। भिलाई व दुर्ग निगम में मात्र एक या दो फायर ब्रिगेड गाड़ी हैं और अंचल के अन्य निकायों में गाड़ियां नहीं हैं। इसके चलते बीएसपी के अग्निशमन विभाग की गाड़ियां संयंत्र के बाहर ट्विनसिटी के अलावा धमधा, बालोद व बेमेतरा बल्कि रायपुर तक सेवाएं देने जा रही हैं। पिछले 50 साल से भिलाई दुर्ग सहित दूरदराज के ग्राम्य अंचल में अग्नि दुर्घटनाओं को नियंत्रित करने जिला प्रशासन बीएसपी पर निर्भर होकर रह गया है। विभागीय सत्रों के मुताबिक गर्मी के दिनों में शहर व ग्राम्यांचल में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं। बिजली का लोड बढ़ने से शार्टसर्किट कर्मिशियल क्षेत्रों व अंधड़ से गांवों में पैरावट आदि में आग लगने की घटनाएं होती हैं। इस दौरान संबंधित निकायों में दमकल गाड़ी एक ही होने या नहीं होने पर बीएसपी भिलाई से 10 से 6, 70 किमी तक फायर ब्रिगेड वाहनों को आग बुझाने जाना पड़ रहा है। हादसे भीषण होने पर दो से पांच गाड़ियां तक मौके पर जाती हैं। यह स्थिति भिलाई इस्पात संयंत्र के साथ निकायों यानी अग्नि हादसे वाले संबंधित गांव के लिए भी जोखिम को बढ़ाने वाली साबित हो सकती है। पच्चीसों किमी दूर घटना स्थल पर जब तक बीएसपी की दमकल गाड़ी पहुंचती है, तब तक आगे फैलने से जान माल का नुकसान बढ़ जाने का अंदेशा बना रहता है। दो साल पूर्व भिलाई व दुर्ग में झुग्गी बस्ती के राख हो जाने पर बीएसपी की आधा दर्जन गाड़ियां लगी थीं वहीं बेमेतरा व बालोद अंचल में भी चार गाड़ियां गई थीं।



### बीएसपी के लिए है जोखिम

भिलाई इस्पात संयंत्र के फायर ब्रिगेड वाहनों के बाहर जाने से संयंत्र के लिए भी जोखिम वाली स्थिति बनी रहती है। विदित हो कि बीएसपी में करीबन तीस दमकल गाड़ियां हैं। सामाजिक सरोकार के तहत बाहर आग लगने पर सेवाएं देने बीएसपी का सामाजिक व वैधानिक जिम्मेदारी है। और संयंत्र में आपातकाल के लिए प्रबंधन का रिजर्व बेड़ा आरक्षित होता है, इसे देखते हुए ही अन्य दमकल वाहन बाहर भेजे जाते हैं। लेकिन इस दौरान बीएसपी में बड़ी दुर्घटनाएं होने की स्थिति में यदि बीएसपी की पांच सात गाड़ियां बाहर व्यस्त हो गईं तो संयंत्र के लिए यह जोखिम बढ़ाने वाली हालत हो सकती है। गर्मी के दिनों में बीएसपी में भी अग्नि दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ जाती है। पिछले चार महीने के दौरान आधा दर्जन से अधिक घटनाएं हो भी चुकी हैं। गत वर्षों में गैस रिसाव व ट्रिप होने की बढ़ी घटनाओं में प्रबंधन को पूरा दमकल बेड़ा झोंकना पड़ा था। इसे देखते हुए शासन व प्रशासन को जिला में निकायों व पंचायतों को अपना खुद का फायर ब्रिगेड बेड़ा आज के हिसाब से विकसित यानी गाड़ियां, स्टाफ व संसाधन बढ़ाए जाने की जरुरत है। विदित हो कि बीएसपी एशिया का सबसे बड़ा सार्वजनिक इस्पात कारखाना है जहां किसी भी समय स्थिति विकट होने पर अपने व्यापक दमकल बड़े की जरुरत बनी रहती है।

## 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम को रोककर विपक्ष ने महिलाओं को किया निराश'




हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर सियासत तेज हो गई है। राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष के राजनीतिक स्वार्थ के कारण यह ऐतिहासिक सुधार पूरा नहीं हो सका।

■ खाद्य आयोग के अध्यक्ष शर्मा ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर महिला विरोधी रुख अपनाने का लगाया आरोप

संदीप शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार देश की आधी आबादी को नीति-निर्धारण में भागीदारी देने के उद्देश्य से यह अधिनियम लेकर आई थी। इसे भारत की नारी शक्ति के लिए एक बड़ा अवसर बताते हुए उन्होंने कहा कि यह महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम होता। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने अपने स्वार्थ के चलते इस पहल को रोक दिया और महिलाओं को एक बार फिर निराश किया। उनके मुताबिक यह सिर्फ सीटों का मामला नहीं, बल्कि देश की महिलाओं के सम्मान और बराबरी का सवाल है।

शर्मा ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर महिला विरोधी रुख अपनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष ने हमेशा इस तरह के विधेयकों का दिखावटी समर्थन किया, लेकिन हर बार तकनीकी बहाने बनाकर उसे टालने की कोशिश की। उन्होंने यह भी कहा कि पहले पंचायत स्तर पर आरक्षण का समर्थन इसलिए किया गया क्योंकि उससे सत्ता संतुलन पर असर नहीं पड़ता था, लेकिन शीर्ष स्तर पर महिलाओं की भागीदारी से विपक्ष पीछे हट गया। महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री शीतल नायक, जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, महापौर अलका बाघमार, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य चंद्रिका चंद्राकर, पदमा देवांगन, जिला महामंत्री विनोद अरोरा, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, कुमुद बघेल और तृप्ति चंद्राकर सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## आवारा मवेशियों पर नियंत्रण के लिए निगम का विशेष अभियान शुरू

**दुर्ग।** शहर के मुख्य मार्गों एवं बाजार क्षेत्रों में आवारा मवेशियों के कारण नागरिकों को हो रही असुविधा और संभावित दुर्घटनाओं को देखते हुए दुर्ग नगर निगम द्वारा विशेष अभियान प्रारंभ किया गया है। इस पहल का उद्देश्य शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाना और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। निगम की टीम द्वारा मुख्य मार्गों, चौक-चौराहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर घूम रहे मवेशियों को पकड़ने का कार्य नियमित रूप से दो शिफ्टों में किया जा रहा है। अतिक्रमण टीम ने आमदी मंदिर के पीछे सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर काऊ कैचर वाहन की सहायता से मवेशियों को सुरक्षित रूप से पकड़ा।

रात के समय होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए पकड़े गए मवेशियों को रेडियम पट्टी पहनाई जा रही है, ताकि अंधेरे में भी वे स्पष्ट रूप से दिखाई दें और वाहन चालकों को सतर्कता मिल सके।

## दुर्ग में जल संकट, लोगों ने पूर्व विधायक के पास पहुंचकर दर्ज कराई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

शहर के कई वार्ड इन दिनों भीषण जल संकट की चपेट में हैं और हालात अब नियंत्रण से बाहर होते नजर आ रहे हैं। कई दिनों से नलों में पानी नहीं आने से आमजन का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भीषण गर्मी के बीच पानी के लिए तरसती जनता का गुस्सा अब खुलकर सामने आ चुका है। हरिनगर के वार्डवासियों ने पूर्व विधायक अरुण वोरा को अपने वार्ड में बुलाया। मौके पर पहुंचकर अरुण वोरा ने स्थिति का जायजा लिया और पाया कि बीते 10 दिनों से क्षेत्र में पानी की सप्लाई ठप है, जबकि शिकायतों के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही। इस कारण लोगों का दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। पश्चात अरुण वोरा ने वार्डवासियों के साथ कलेक्टर और निगम कमिश्नर कार्यालय पहुंचे, जहां उनके साथ वार्ड की छाया पार्षद निकिता सिंह भी मौजूद थीं। उन्होंने अधिकारियों से कि जल संकट का तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जाए। वोरा ने दो टूक कहा कि पानी जैसी मूलभूत आवश्यकता पर लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लगातार बिगड़ते हालात से नाराज वार्डवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो आंदोलन उग्र रूप ले सकता है।

■ अरुण वोरा ने प्रशासन को लिया कटघरे में





## संविधान निर्माता पर टिप्पणी करने वालों पर राजद्रोह का मामला दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

बहुजन समाज पार्टी के अध्यक्ष दीपक चंद्राकर के नेतृत्व में बसपा ने राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। भारतीय न्याय संहिता की धारा 152 राजद्रोह के तहत कार्रवाई का लेकर यह ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने कहा कि विगत दिनों सोशल मीडिया इंस्टाग्राम के माध्यम से लॉ की छात्रा ने संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के ऊपर अभद्र टिप्पणी के साथ अनुसूचित जाति वर्ग के खिलाफ अभद्र शब्दों व संविधान से प्रदत्त अधिकार आरक्षण के विरोध में अभद्रता पूर्ण टिप्पणी की थी। इस पर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन सौंपने वाले में मुख्य रूप से कृष्णा कोर्सेवाड़ा, बंटी चौरे, सचिन गवई, संतोष बंजारे, दिनेश शिंदे, चैन सिंह धीरतलहरे, संजय गजभिए सहित अन्य शामिल थे।

■ बसपा ने राज्यपाल के नाम जिला कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा

## किशोरियों को मिलेगा मुफ्त सुरक्षा कवच

# भिलाई-3 के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एचपीवी वैक्सीनेशन की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में शुक्रवार को एचपीवी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन अभियान की शुरुआत की गई। पहले दिन 13 हितग्राहियों को वैक्सीन लगाई गई और उन्हें ई-सर्टिफिकेट भी प्रदान किया गया। यह प्रमाण पत्र विधायक प्रतिनिधि दिलीप पटेल और वार्ड पार्षद प्रेमलता चंद्राकर ने वितरित किए। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. दिव्या श्रीवास्तव ने बताया कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है और इसे रोकने के लिए यह वैक्सीन बेहद प्रभावी है, खासकर किशोरावस्था में। उन्होंने कहा कि दुनिया के कई देशों में इस वैक्सीन को पहले ही अपनाया जा चुका है। रविवार और शासकीय अवकाश को छोड़कर हर दिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक टीकाकरण किया जाएगा। इसके लिए किशोरी बालिकाओं जिनकी उम्र 14 वर्ष पूर्ण और 15वां जन्मदिन न हुआ हो, को अभिभावकों के साथ आना होगा। आधार कार्ड और उससे लिंक मोबाइल नंबर अनिवार्य रखा गया है।

■ पहले दिन 13 बालिकाओं को लगाए गए टीके, अतिथियों ने बांटे सर्टिफिकेट



बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि गर्भाशय कैंसर से बचाव के लिए भारत सरकार द्वारा गार्डासिल वैक्सीन निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। अब तक यह वैक्सीन केवल जिला अस्पताल दुर्ग और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में ही लगाई जा रही थी, लेकिन भिलाई-3 पहला ऐसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बन गया है जहां इसकी शुरुआत हुई है। जल्द ही प्रदेश के अन्य प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में भी यह सुविधा शुरू होगी।

### जन जागरुकता का मिल रहा अच्छा रिस्पॉन्स

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. भुवनेश्वर कुमार कठौतिया और चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिखर अग्रवाल ने बताया कि क्षेत्र में जन-जागरूकता के चलते अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। उन्होंने बताया कि सर्वाइकल कैंसर, स्तन कैंसर के बाद महिलाओं में दूसरा सबसे बड़ा कैंसर है, जिसे समय रहते वैक्सीनेशन से रोका जा सकता है। कार्यक्रम में डॉ. मैथिली पाटिल, डॉ. जयंता मजूमदार, कजेश्वर सिंह, डॉ. रश्मि भौसले सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हितग्राहियों को काउंसलिंग कर वैक्सीन के फायदे बताए। एलएचव्ही आर विश्वास, टेक्शियन नेतराम साहू, जेएसए चम्पा कली सोनी, पारूल देशमुख, वैक्सीनेटर स्टाफ नर्स आर गजभिए, रोशन बघेल सहित मितानिन व क्षेत्रीय एएनएम आदि का सहयोग रहा।

